वर्ष 54/ अंक 177/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 भोपाल, शुक्रवार 24 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14




# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन





राष्ट्रीय बालिका दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

आइए, इस अवसर पर बेटियों को पढ़ाकर उनका भविष्य उज्जवल बनाने का संकल्प लें।

dainiksandhyaprakash.in

## सांध्यप्रकाश विशेष

### इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबोवो पहुंचे दिल्ली, गणतंत्र दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में होंगे शामिल




नई दिल्ली। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो अपने चार दिवसीय भारतीय दौरे पर गुरुवार को दिल्ली पहुंचे, जहां विदेश राज्य मंत्री ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और 26 जनवरी को आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। आज, शुक्रवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर राष्ट्रपति प्रबोवो से मुलाकात करेंगे।

### ट्रंप को बर्थराइट सिटिजनशिप पर बड़ा झटका, कोर्ट ने राष्ट्रपति के आदेश पर लगाई रोक




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बर्थराइट सिटिजनशिप के मुद्दे पर कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सिएटल स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज जॉन कॉफनर ने ट्रंप के बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के आदेश पर रोक लगा दी। कोर्ट ने इसे अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन के खिलाफ करार दिया।

यह आदेश राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई उस नीति के खिलाफ था, जिसमें कहा गया था कि 19 फरवरी के बाद ऐसे बच्चों को नागरिकता नहीं दी जाएगी जिनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक या स्थायी निवासी नहीं हैं। इस फैसले को लेकर डेमोक्रेट्स द्वारा चार राज्यों- वाशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन-ने अदालत का दरवाजा खटखटाया था, साथ ही सिविल राइट्स ग्रुप्स ने भी इसका विरोध किया।

### जॉन रेटक्लिफ बने सीआईए डायरेक्टर, अमेरिकी सीनेट ने दी मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सहयोगी जॉन रेटक्लिफ को सेंट्रल इंटेलिजेंस एजेंसी का नया डायरेक्टर नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। गुरुवार को हुई वोटिंग में रेटक्लिफ के पक्ष में 74 और विरोध में 25 वोट पड़े, जिससे वह ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य बन गए।



जॉन रेटक्लिफ 2020 से 2021 तक ट्रंप प्रशासन के दौरान नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वह एक पूर्व संघीय अभियोजक और टेक्सास से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य रहे हैं। रेटक्लिफ ने अपने करियर की शुरुआत एक निजी वकील के तौर पर की। 2004 से 2012 तक वह टेक्सास के हीथ शहर के मेयर रहे।

### 2008 बैच की आईपीएस अलंकृता सिंह का वीआरएस मंजूर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने आईपीएस अधिकारी अलंकृता सिंह का वीआरएस मंजूर कर लिया है। वह 2008 बैच की आईपीएस अफसर है।

अलंकृता सिंह के पति 2008 बैच के आईएएस अधिकारी विद्या भूषण ने भी मार्च, 2023 में वीआरएस ले लिया था और लंदन चले गए थे !!



अमेठी, प्रतापगढ़ और इटावा समेत कई जिलों में आईएएस रहे विद्या भूषण ने वाराणसी में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी के पद पर तैनाती के दौरान वीआरएस के लिए आवेदन किया था !

आईपीएस अलंकृता सिंह का इस्तीफा मंजूर हो गया है. साल 2021 में अलंकृता सिंह बिना अवकाश मंजूर कराए और बिना अनुमति के लंदन चली गई थीं।

### ऑनड्यूटी पुलिस आरक्षक की सड़क दुर्घटना में मौत पर परिजनों को मिली 1 करोड़ की सहायता

**रतलाम।** जिले थाना बड़ावदा की हाटपीपल्या चौकी पर पदस्थ आरक्षक राकेश मोरी की 7 अक्टूबर 24 को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु हो गई थी। इस पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा पीएसपी योजना के अंतर्गत क्लेम स्वीकृति हेतु आवश्यक कार्यवाहीं पूर्ण करवाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा को निर्देशित किया था।



23 जनवरी 25 को पुलिस अधीक्षक द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की पीएसपी योजना के माध्यम से आरक्षक राकेश मोरी की पत्नी श्रीमती बुलबुल मोरी, सुपुत्र लक्षित मोरी एवं परिजनों को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया गया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर रवि पाटीदार, आरएमओ शरद गोयल, डेस्क ऑफिसर अर्पित भटवाल, मुख्य लिपिक उपनिरीक्षक (अ) अर्चना अमेरिया, सउनि (अ) जाकिर मंसूरी आदि मौजूद रहें।



महेश्वर में मोहन कैबिनेट की बैठक

# अहिल्या घाट पर मंत्रियों संग सीएम ने किया नर्मदा पूजन

**महेश्वर।** देवी अहिल्या बाई की नगरी खरगोन के महेश्वर में मध्यप्रदेश कैबिनेट की बैठक हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत सभी मंत्री होटल नर्मदा रिट्रीट में मौजूद हैं। बैठक में मध्यप्रदेश के 17 धार्मिक शहरों में शराबबंदी पर मुहर लगाई जा सकती है। इसके अलावा देवी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़े मसलों को लेकर भी कई योजनाओं को मंजूरी दी जा सकती है।

सबसे पहले सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्रिमंडल के सदस्यों ने मां अहिल्या को पुष्प अर्पित किए और उनकी राजगादी के दर्शन किए। इसके बाद सीएम सहित मंत्रिमंडल के सभी सदस्य घाट पर पहुंचे और मां नर्मदा की आरती कर उन्हें चुनरी अर्पित की।



इससे पहले सीएम ने अहिल्या किला जाकर राजगादी का दर्शन किया। राजवाड़ा पर कैबिनेट का फोटो सेशन कराया। कैबिनेट बैठक में मोहन यादव सरकार नई आबकारी नीति पर भी मुहर लगाएगी। शराबबंदी से होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई और शराब दुकानों की नीलामी को लेकर नई शर्तों पर भी बैठक में चर्चा होगी।

### महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 24 जनवरी को मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 982 करोड़ 59 लाख रुपये की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना के पूर्ण होने पर खरगोन जिले की महेश्वर, धार जिले की पिथमपुर एवं इंदौर जिले की मऊ तहसील के कुल 123 ग्रामों के किसानों के खेत में सिंचाई के लिए नर्मदा का जल पहुंचेगा। इससे इन गांवों के किसानों का कृषि उत्पादन बढ़ेगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।



सीएम मोहन यादव ने मंत्रियों के साथ महेश्वर में देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर पहुंचकर सबसे पहले राजगद्दी के दर्शन किए. सभी ने इस ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण भी किया।



### महाकुंभ में सबसे कम उम्र के महामंडलेश्वर बने सियाराम



**प्रयागराज।** कुंभनगरी प्रयागराज में सभी अखाड़ों में महामंडलेश्वर, श्रीमहंत, महंत और संन्यासी बनाए जाने का क्रम जारी है। अभी तक जो भी महामंडलेश्वर बने हैं, उनकी उम्र 30 साल से ज्यादा ही रही है। लेकिन दिगंबर अनी अखाड़े में सबसे कम उम्र के महामंडलेश्वर बनाए गए हैं।

महज 18 बरस की उम्र में ही सियाराम दास महाराज को महामंडलेश्वर पद की उपाधि दे दी गई। अब इनका पूरा नाम महामंडलेश्वर सियाराम दास हो चुका है। बताते हैं कि जब इनकी उम्र महज 13 साल थी, तभी घर-परिवार को छोड़कर संन्यास जीवन में आ गए थे।

महामंडलेश्वर बनने वाले सियाराम दास मूलरूप से मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। किशोरावस्था में ही वह दिगंबर अनी अखाड़े के श्रीमहंत रामदास महाराज टाटंबरी बाबा के शिष्य बन गए थे। छोटी-सी उम्र में इतना तेज देखकर टाटंबरी महाराज के सबसे प्रिय शिष्य बन गए। अब महाकुंभ में महामंडलेश्वर बनाया गया और बाबा ने अपना उत्तराधिकारी भी बना दिया। संन्यास में आने के बाद ही इनका पिंडदान आदि कराया गया था। लंबी जटा में यह पूरी तरह से साधु के वेश में दिखते हैं।

### टीडीएस के खिलाफ दायर याचिका खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय जाने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने टीडीएस (टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स) के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा है। वरिष्ठ वकील और भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने टीडीएस के खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी। अपनी याचिका में उपाध्याय ने टीडीएस को मनमाना, तर्कहीन और असंवैधानिक बताया था।



मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय जाने को कहा। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि हम इस याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकते। इसे बहुत खराब तरीके से तैयार किया गया है। आप उच्च न्यायालय जा सकते हैं। कुछ फैसलों में इसे बरकरार रखा गया है। हम इस पर विचार नहीं करेंगे।

### सोना ऑल टाइम हाई पर, 10 ग्राम की कीमत 80,430

**मुम्बई।** सोना आज यानी 24 जनवरी को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 391 रुपए बढ़कर 80,430 रुपए हो गया है।



इससे पहले गुरुवार को इसका दाम 80,039 रुपए प्रति दस ग्राम था। सोने ने दो दिन पहले 22 जनवरी को 80,194 रुपए प्रति दस ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी की कीमत में भी आज तेजी है। ये 632 रुपए बढ़कर 91,265 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 90,633 रुपए पर थी। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को अपना ऑल टाइम हाई बनाया था, तब ये 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### वक्फ संशोधन बिल पर जेपीसी की बैठक में हंगामा

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) दिल्ली में बैठक चल रही है। सुबह 11 बजे से शुरू होने के बाद हंगामा होने लगा। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें ड्राफ्ट में प्रस्तावित बदलावों का रिसर्च करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया जा रहा है। जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनेगी। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों में बहस हो गई। विपक्षी नेताओं ने आरोप लगाया



कि क्क्क्क्दिल्ली चुनावों के कारण ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्दी संसद में पेश करने पर जोर दे रही है। बहस और हंगामे के चलते बैठक कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद 10 विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए बैठक से सस्पेंड कर दिया गया। लखनऊ में हुई बैठक करने के बाद अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि 24 जनवरी को जेपीसी की आखिरी बैठक होगी। इसके बाद वे 31 जनवरी को होने वाले बजट सत्र के दौरान संसद में रिपोर्ट पेश होगी।

## महाराष्ट्र में सेना की हथियार फैक्ट्री में धमाका, 5 मौतें, छत ढहने से 12 लोग दबे

**भंडारा।** महाराष्ट्र के भंडारा में ऑर्डनेंस फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह 10-30 बजे धमाका हो गया। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है। ब्लास्ट के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आर्डिनेंस फैक्ट्री में ब्लास्ट की आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। आसमान में उठता धुआं भी कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया।

भंडारा के कलेक्टर संजय कोलते ने बताया कि धमाके से छत गिर गई है, जिसे जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। इसके नीचे 12 लोगों के दबे होने की आशंका है। 2 लोगों को निकाल लिया गया है। फैक्ट्री में एंबुलेंस और दमकल की गाड़ी पहुंच गई है।

डिफेंस पीआरओ के मुताबिक ओर्डनेंस फैक्ट्री में धमाका सुबह हुआ है। मौके पर रेस्क्यू के लिए मेडिकल टीम और एम्बुलेंस मौजूद हैं। जवाहरनगर स्थित ऑर्डनेंस फैक्ट्री की आरकेआर की ब्रांच सेक्शन में यह ब्लास्ट हुआ है। यहां आरडीएक्स बनाने के लिए किया जाता है। इसी में यह विस्फोट हुआ। मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जिस इमारत में विस्फोट हुआ, वह पूरी तरह नष्ट हो गई है।



## 14 राज्यों में घना कोहरा

### वाराणसी में विजिबिलिटी जीरो

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी घटने के कारण देश के उत्तरी राज्यों में भी ठंड का असर कम हो गया है। हालांकि, शुक्रवार सुबह भी 14 राज्यों में घना कोहरा देखने को मिला। इस कारण कई ट्रेनें लेट हुईं। वाराणसी में विजिबिलिटी जीरो दर्ज की गई। हालांकि, बिहार में सर्दी का असर बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। ठंड को देखते हुए राज्य सरकार ने 10 जिलों में 8वीं तक के स्कूल 25 जनवरी तक बंद कर दिए हैं।



उधर, राजस्थान में शुक्रवार सुबह कई जिलों में तेज बारिश हुई। इससे जयपुर, सीकर, चूरू समेत उत्तर-पूर्वी राजस्थान के शहरों में सर्द हवा चलने लगी।

### 44 लाख की लागत से बनने वाली सी.सी रोड निर्माण का हुआ भूमिपूजन

# जनता की समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जा रहा : सबनानी



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

खूबसूरत शहर भोपाल में निरंतर विकास की गंगा बहाई जा रही है, विधानसभा क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में भी क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय के द्वारा जनता की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गुरुवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 47 में 44 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय के द्वारा किया गया। नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार हो उन्हें आवा-गवन के साथ ही मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलता रहे इसके लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। भूमिपूजन के अवसर पर क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाना और जनता की समस्याओं के निराकरण में हर संभव प्रयास करना ही मेरी प्राथमिकता है। शहर में आज ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज का लोकार्पण किया गया है। जो हमारे शहर के लिए एक अद्भुत सौगात है, जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाहन करना ही हमारी सरकार की पहचान है। महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि जनता की मांगों के अनुरूप उनकी सुविधाओं का विस्तार हो, हम सब इसी दिशा में दिन-रात प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद गिरजा राजेश खटीक, राजेश सिंह जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, राजू अनेजा जिला कार्यालय प्रभारी, मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल, पूर्व पार्षद राजेश खटीक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।



## भोपाल के विकास को लेकर समीक्षा बैठक

भोपाल। संभागीय कार्यालय सभागार में भोपाल के विकास को लेकर समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए इस बैठक अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन मोहम्मद सुलेमान जी, संभाग आयुक्त संजीव सिंह, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण विधायक कुरवाई हरि सिंह सप्रे एवम अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## 25 जनवरी को बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन के संचालन में बदलाव

**भोपाल।** रेल प्रशासन ने अधोसंरचना कार्यों के चलते बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन के संचालन में बदलाव किया है। दिनांक 25 जनवरी 2025 को गाड़ी संख्या 61611/61612 बीना-रुठियाई मेमू ट्रेन का शॉर्ट टर्मिनेशन और शॉर्ट ओरिजिनेशन गुना स्टेशन पर होगा। गुना-रुठियाई खंड पर ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरणयह बदलाव महुगुड़ा स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग संख्या 68 पर गर्डर लॉन्चिंग के लिए आवश्यक तीन घंटे के ब्लॉक के कारण किया गया है। इस अवधि में ट्रेन गुना-रुठियाई-गुना खंड के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। दादर स्टेशन पर कुछ ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजिनेशनमध्य रेलवे के मुंबई मंडल में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और मस्जिद स्टेशनों के बीच ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन दादर स्टेशन तक सीमित कर दिया गया है। अमृतसर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11058): यह ट्रेन 24 और 25 जनवरी 2025 को सीएसएमटी के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 12) पर समाप्त होगी। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-अमृतसर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 11057): 25 जनवरी 2025 को यह ट्रेन सीएसएमटी से शुरू होने के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 11) से 23:48 बजे प्रस्थान करेगी।छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-बनारस एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22177): 26 जनवरी 2025 को यह ट्रेन सीएसएमटी के बजाय दादर स्टेशन (प्लेटफॉर्म नंबर 11) से 00:30 बजे प्रस्थान करेगी।

## अब कलेक्ट्रेट तक नहीं पहुंच सकेंगे आम जनता के वाहन

**भोपाल।** भोपाल कलेक्ट्रेट में एक किसान द्वारा कार को कलेक्ट्रेट भवन के आगे सौंपने की घटना के बाद कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कड़ा कदम उठाया है। इस घटना के बाद कलेक्टर ने फैसला लिया है कि अब आम जनता के वाहन कलेक्ट्रेट बिल्डिंग तक नहीं पहुंचेंगे। बताया जाता है कि कलेक्टर यह निर्णय दो दिन पहले एक किसान ने अपनी कार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित भवन के सामने सौंप दिया था, और कार में आग लगा दी थी जिससे सुरक्षा व्यवस्था में खलल पड़ा था। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने निर्णय लिया है कि भविष्य में किसी भी आम व्यक्ति का वाहन कलेक्ट्रेट तक नहीं जाएगा। कलेक्ट्रेट के रास्ते पर बेरिकेड्स लगाए जाएंगे ताकि किसी भी वाहन को निर्धारित सीमा तक ही आने की अनुमति हो। कलेक्ट्रेट में सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी ताकि इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके और सुरक्षा सुनिश्चित हो। आने वाली दिनों में कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा को और सख्त किया जाएगा।

## पीएम और सीएम के पोस्टर पर आपत्तिजनक शब्द लिखे, पुलिस जांच में जुटी

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सुभाष नगर इलाके में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के पोस्टरों से छेड़छाड़ की गई है। असामाजिक तत्वों ने इन पोस्टरों पर 'आतंकवादी' जैसे आपत्तिजनक शब्द लिख दिए, जिसके बाद इस घटना से इलाके में तनाव फैल गया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पोस्टरों पर आपत्तिजनक शब्द लिखे गए। नगर निगम कर्मियों ने विवादित पोस्टरों को तुरंत हटाया गया। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने का काम शुरू कर दिया है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि पोस्टरों को हटाने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने इस तरह की घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

## गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, वाहनों की सघन चेकिंग

**भोपाल।** आगामी गणतंत्र दिवस 2025 के मद्देनजर भोपाल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शहर के विभिन्न इलाकों में संदिग्धों और वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है। थाना प्रभारी और पुलिस स्टाफ ने नाकाबंदी कर सुरक्षा चेकिंग तेज कर दी है। बैंक, एटीएम और धार्मिक संस्थानों की नियमित निगरानी की जा रही है। संवेदनशील इलाकों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शॉपिंग मॉल, कॉम्प्लेक्स और बाजारों में बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वाड द्वारा एंटी-सबोटेज चेकिंग की जा रही है। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित रूप से पैदल भ्रमण किया जा रहा है। आम जनता और व्यापारियों से संपर्क कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की जा रही है।

## पहली बार शासकीय अस्पताल में हुआ हार्ट ट्रांसप्लांट, मृतक के अंगों को जबलपुर से भोपाल और इंदौर किया गया एयरलिफ्ट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्यप्रदेश में अंगदान के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल हुई है। सागर निवासी 61 वर्षीय श्री बलिराम के अंगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज से एयरलिफ्ट कर भोपाल और इंदौर के अस्पतालों में पहुंचाया गया। यह पहली बार है जब प्रदेश के किसी शासकीय अस्पताल में हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया।

मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने अंगों को वायु मार्ग से शीघ्र भोपाल और इंदौर पहुंचाने के निर्देश दिए। वहीं, उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने इस पूरे अभियान का समन्वय किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि अंगों को तय समय में पहुंचाकर प्रत्यारोपण प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया जाए।मृतक परिवार की अंगदान की पहलश्री बलिराम का इलाज जबलपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। ब्रेन हेमरेज के कारण मृत्यु हो जाने के बाद, उनके परिवार ने अंगदान की इच्छा जताई। इस पर भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय ने हार्ट और लिवर ट्रांसप्लांट के लिए अस्पतालों से संपर्क किया।भोपाल और इंदौर में ट्रांसप्लांट प्रक्रिया जारीभोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में एक मरीज को हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया। वहीं, मृतक का लीवर इंदौर भेजा गया, जिसे जल्द ही एक मरीज में प्रत्यारोपित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यकताओं की जानकारी देकर प्रक्रिया को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## विधि विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिक पंकज मोहन लोटे लापता

**भोपाल ।** भौरी स्थित विधि विज्ञान प्रयोगशाला में पदस्थ वैज्ञानिक पंकज मोहन लोटे के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस और प्रशासन वैज्ञानिक की खोज में जुटे हुए हैं। वैज्ञानिक पंकज मोहन लोटे 18 जनवरी पंकज मोहन विभागीय इंटरव्यू के लिए भोपाल से गोवा एक्सप्रेस के जरिए दिल्ली के लिए निकले थे । लेकिन वह इंटरव्यू के लिए नहीं पहूंचे। दिल्ली पहुंच कर उन्होंने 19 जनवरी को दिल्ली के कनॉट प्लेस से एटीएम से पैसे निकाले । वैज्ञानिक के लापता होने की जानकारी मिलने के बाद भोपाल के कोलार पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। जांच के दौरान पहले दिल्ली की लोकेशन मिली थी। कोलार पुलिस ने वैज्ञानिक के गृह नगर उज्जैन पहुंचकर जांच की। वैज्ञानिक को भोपाल लाकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। जब पंकज मोहन का कोई पता नहीं चला, तो उनके संस्थान ने कोलार थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और सीसीटीवी फुटेज व ट्रांजैक्शन डेटा के आधार पर वैज्ञानिक के ठिकाने का पता लगाने का प्रयास हो रहा है।

### भागवत सप्ताह का आयोजन 30 से



**भोपाल।** भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान हैए बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। कृष्ण की अनन्त लीलाओं में से बहुत सी लीलाओं का वर्णन भागवत में है । भोपाल में आयोजित भागवत कथा के यजमान चंद्रप्रकाश मिश्रा ने बताया श्री राधारानी जी की असीम कृपा एवं पितृदेव के अतुलित आशीर्वाद से,कण कण में निहित श्री कृष्ण जी की लीलाओं का रसपान हेतु श्रीमद भागवत सप्ताह का आयोजन 30 जनवरी से 6 फरवरी तक स-479,नेहरू नगर पुरानी पानी की टंकी के पास,भोपाल में किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा का वाचन बिजेथुआ धाम, कादीपुर, सुल्तानपुर, उत्तरप्रदेश के कथावाचक पंडित कृष्णदेव तिवारी दारा प्रति दिन 3 से 6 बजे तक किया जायेगा । यह कथा केवल एक व्यक्ति के जीवन को नहींए बल्कि उनकी सात पीढ़ियों को मोक्ष प्रदान करने की शक्ति रखती है। श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक मार्गदर्शक है। इसके श्रवण और चिंतन से आत्मा को शुद्धता प्राप्त होती है और मानव के जीवन का उद्देश्य स्पष्ट होता है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं, पुलिस ने जारी की गाइडलाइंस

**भोपाल।** शहर में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए भोपाल नगरीय पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। वाहन चालकों को काली फिल्म, तेज गति और हूटर के अनुचित प्रयोग जैसे नियमों के उल्लंघन से बचने की सख्त चेतावनी दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।गाड़ियों पर काली फिल्म लगाना सुरक्षा कारणों से पूरी तरह प्रतिबंधित है। यदि आवश्यक हो, तो केवल निर्धारित पारदर्शी फिल्म का उपयोग किया जा सकता है। हूटर का उपयोग केवल आकस्मिक वाहनों (जैसे एंबुलेंस) में ही अनुमति के बाद किया जा सकता है। निजी और अन्य वाहनों में इसका उपयोग पूरी तरह अवैध है। शहर के मार्गों पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 80 किमी प्रति घंटे निर्धारित की गई है। हाईवे को छोड़कर इस सीमा से अधिक गति पर वाहन चलाना यातायात नियमों का उल्लंघन है।

## पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई वीर सपूत महान सुभाषचंद्र बोस की जयंती



**संत हिरदाराम नगर।** सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल में श्रद्धा के साथ सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि जो वीर देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देते हैं उन वीरों के कदमों में फूल भी चढ़ने हेतु तत्पर रहते हैं देश केवल व्यापारियों व विद्वानों से नहीं चलता वरन् इन महान सपूतों के बलिदान से चलता है हमें आजादी इन वीरों के कारण ही मिली है इन्हें कभी न भूलें क्योंकि जो देश अपने देशभक्तों व शहीदों को भूल जाता है उस देश का पतन होना निश्चित है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने देश के लिए आईएएस की नौकरी न्यौछावर कर दी, ऐसे क्रान्तिकारी नेता के बलिदान से देश को आजादी मिली, आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शो को अपनाना चाहिए। तभी उनका जन्म दिवस मनाना सार्थक होगा। कार्यक्रम में विवेक शर्मा ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर अपने विचार रखे।

### कैम्ब्रिज जुड़ेगा भारत के महत्वाकांक्षी वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन पहल से

**भोपाल।** पूरे भारत में रिसर्च एक्सीलेंस और लर्निंग को बढ़ावा देने की योजनाओं की रूपरेखा तैयार कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस भारत सरकार की अभूतपूर्व वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) पहल में शामिल प्रमुख प्रकाशकों में से एक है, जो देशभर में अकादमिक और रिसर्च एक्सीलेंस को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। कैम्ब्रिज अपनी पत्रिकाओं के विशाल भंडार तक पहुँच को बढ़ाएगा, जिससे भारत के अकादमिक समुदाय को हाई-क्वालिटी रिसर्च और पीयर-रिव्यू आर्टिकल्स का लाभ मिल सकेगा। भारत सरकार द्वारा संचालित ओएनओएस पूरे देश में प्रतिष्ठित स्कॉलर्स की क्वालिटी रिसर्च जर्नल्स तक पहुँच सुनिश्चित करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है।

# संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ब्यूटी एण्ड वेलनेस पर सत्र का आयोजन

**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट, आई आई सेल के संयुक्त तत्वाधान में एप्टेक द्वारा संचालित लैक्मे एकेडमी का एक सत्र आयोजित किया गया जिसमें अखिलेश राजपूत, लैक्मे एकेडमी के संस्थापक, दीक्षा गौर कॉस्मेटोलॉजिस्ट, रंजीत सिंह मार्केटिंग एंड पीआर मैनेजर द्वारा छात्राओं को मेकअप, स्किन और हेयर ग्रूमिंग के क्षेत्र में कैरियर के अवसरों के विषय में जानकारी दी गई।



अखिलेश राजपूत ने छात्राओं को उद्योग-संबंधित कौशल से लैस करने के लिए डिजाइन किए गए पाठ्यक्रमों की विविधता के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में उपस्थित दीक्षा गौर ने छात्रों को स्व-देखभाल और त्वचा की देखभाल के महत्व के बारे में बताया और बताया कि कैसे ये कौशल समग्र व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास में योगदान करते हैं। इंटरैक्टिव प्रारूप ने सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया और छात्रों के बीच जिज्ञासा को बढ़ावा दिया। आज के समय में कॉर्पोरेट जॉब्स, मॉडलिंग, एक्टिंग, विवाह समारोहों में मेकअप का उपयोग इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर दे रहे हैं। ये कौशल आधारित उद्योग है जिसमें कला का ज्ञान, अभ्यास एवं नवाचार से एक अच्छा मेक अप आर्टिस्ट बनने की अनेक संभावनाएं हैं।

### एथर एनर्जी लिः ने भारतीय ग्राहकों के लिए हिंदी में डैशबोड पेश किया

**भोपाल।** भारत के इलेक्ट्रिक स्कूटर निर्माताओं में से एक, एथर एनर्जी लिमिटेड ने अपने फैमिली स्कूटर, रिज़्टा के लिए एक मल्टी-लैंग्वेज डैशबोर्ड इंटरफेस शुरू किया है। इस स्कूटर के डैशबोर्ड में 8 क्षेत्रीय भाषाओं, हिंदी, मराठी, गुजराती, बंगाली, तमिल, तेलुगू, मलयालम, और कन्नड़ की सपोर्ट दी गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों के लिए यह चलाना और ज्यादा आसान हो जाए, और उनके राईडिंग के अनुभव में सुधार आए। सबसे पहले डैशबोर्ड में हिंदी भाषा की सपोर्ट शुरू की जा रही है, जिसके बाद अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की सपोर्ट भी शुरू कर दी जाएगी। आईएएमएआई और कंटर की इंटरनेट इन इंडिया 2024 की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में 98 प्रतिशत इंटरनेट यूज़र्स ने कंटेंट भारतीय भाषाओं में देखा।

# भारतीय खिलाड़ियों ने विश्व में बनाई है पहचान: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



## सरकार महिला, गरीब, युवा तथा किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा गोटेगांव में आयोजित ऑल इंडिया प्रो-कबड्डी टूर्नामेंट को संबोधित कर कहा कि देश के खिलाड़ियों ने बल, पराक्रम, कौशल एवं बुद्धि से पूरे विश्व में पहचान बनाई है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों ने देश का मान बढ़ाया है। प्रत्येक आयोजन में कबड्डी एवं कुश्ती के खिलाड़ियों ने निश्चित रूप से पदक प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाला समय युवाओं का समय है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों एवं खेल विधाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। नवीन शिक्षा नीति में खेलों को विषय के रूप में शामिल किया गया है। साथ ही जन शिक्षकों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, सहयोग क्रीड़ा मंडल द्वारा पारंपारिक खेलों के लिए किये जा रहे प्रयासों के साथ ही विगत 41 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही कबड्डी प्रतियोगिता के वृहद आयोजन को लेकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समिति के प्रयासों से अनेकों देश- प्रदेश स्तर के खिलाड़ी बने हैं। कबड्डी का ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जो गोटेगांव से खेलकर न गया हो। उन्होंने समिति द्वारा किये जा रहे खेलों के साथ ही समाज सेवा के कार्यों को भी सराहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंचीय कार्यक्रम से 11 लाख रुपये की राशि समिति को देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी समय में परंपरागत खेलों को प्रोत्साहित करने के तारतम्य में कबड्डी लीग भी कराया जायेगा।सांसद चौ. दर्शन सिंह, विधायकद्वय श्री विश्वनाथ सिंह पटेल व श्री महेन्द्र नागेश, सहयोग क्रीड़ा मंडल के संस्थापक सदस्य श्री मुलाम सिंह पटेल सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि मौजूद थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कबड्डी के खिलाड़ियों एवं प्रशंसकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कबड्डी एकमात्र ऐसा खेल है, जिसमें भारतीय दर्शन परिलक्षित होता है। कबड्डी के प्राणायाम व व्यायाम से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा महाभारत के चक्रव्यूह की संरचना की तरह इस खेल के मैदान में खिलाड़ी के पराक्रम और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय का अहसास होता है। बदलते दौर में अब अन्य देश भी कबड्डी को प्रोत्साहित कर रहे हैं। कबड्डी के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का मान बढ़ाया है। परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि माटी में खेलने का आनंद कुछ और ही है। कबड्डी जैसे खेलों को विदेशों में आत्मीयता से अपना रहे हैं।




भोपाल। अपर मुख्य सचिव अशोक वर्नवाल द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर्व के अवसर पर मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में अधिकारियों और कर्मचारियों को सामूहिक शपथ दिलाई

## उत्साह और उमंग से भरपूर रही गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल



**डीजीपी कैलाश मकवाणा एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजा**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में प्रात: 9 बजे आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास शुक्रवार को लाल परेड मैदान पर किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने परेड एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान सातवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक रामचन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। हर्ष फायर के बीच पुलिस बैंड ने निरीक्षक सुनील कटारे के निर्देशन में जन गण मन की धुन बजाई।पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच आकर्षक संयुक्त परेड निकाली गई। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2022 बैच के अधिकारी एसीपी इंदौर करणदीप सिंह ने किया। परेड टू आई सी का दायित्व उप पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सोनी ने निभाया। संयुक्त परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, अश्वारोही दल व श्वान दस्ते सहित 20 टुकड़ियां शामिल थीं।

**कलेक्टर ने जारी किया आदेश**

# परीक्षाओं की तैयारी में बाधा नहीं बनेंगे लाउडस्पीकर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही अन्य कक्षाओं की परीक्षाओं को देखते हुए कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने भोपाल जिले में रात 10 से सुबह 6 बजे तक डीजे और लाउड स्पीकर नहीं बजाने के आदेश जारी कर दिए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इसके साथ ही सभी एसडीएम ने अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लाइंग स्क्वॉड का गठन कर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

आदेश के बाद गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने क्षेत्र के डीजे संचालकों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी। उन्हें बताया गया कि सिर्फ एक स्पीकर लगाकर सुबह 6 से रात 10 बजे तक डीजे बजाया जा सकता है। इसके बाद बजाने पर डीजे जब्त कर एफआईआर कराई जाएगी। इसके साथ ही तीन धार्मिक स्थलों से अतिरिक्त लाउड स्पीकर भी हटाए गए। इसी तरह बैरागढ़ एसडीएम आदित्य जैन और शहर एसडीएम दीपक पांडे की टीम ने भी धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटाए। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में साफ़ कहां गया है कि सार्वजनिक आपात स्थिति को छोड़कर रात 10 से सुबह 6 बजे के बीच सभी ध्वनि विस्तारक यंत्रों एवं तीव्र संगीत का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। डीजे संचालक, होटलों, रेस्टोरेंट/बार को डीजे यूनिट के संचालन के लिए नियमानुसार लायसेंस लेना अनिवार्य होगा। किसी भी डीजे यूनिट पर अधिकतम एक साउंड सिस्टम का ही उपयोग होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सुबह 6 से रात 10 बजे तक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी / पुलिस उपायुक्त की अनुमति से किया जा सकेगा। यह अनुमति 2 घंटे से अधिक के लिए नहीं होगी

## किसानों की फसल बिक्री के लिए आया नया ऐप



भोपाल। ऐप मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक मोबाइल ऐप है जो किसानों को अपनी फसलों की विक्री करने में मदद करता है। यह ऐप एमपी स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड और एनआईसी एमपी द्वारा विकसित किया गया है ख।

इस ऐप के माध्यम से, किसान अपनी फसलों की विक्री करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अपने उत्पादों को बेच सकते हैं। यह ऐप किसानों को अपनी फसलों की विक्री करने में मदद करता है और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता करता है द।

**ऑनलाइन फसल विक्री-** किसान अपनी फसलों की विक्री करने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर अपने उत्पादों को बेच सकते हैं।

- **बेहतर मूल्य-** यह ऐप किसानों को अपनी फसलों की विक्री करने में मदद करता है और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता करता है।
- **सुरक्षित लेन-देन-** यह ऐप सुरक्षित लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है, जिससे किसानों को अपनी फसलों की विक्री करने में मदद मिलती है।



प्रदेश कांग्रेस कमेटी में यंग इंडिया बोल की पोस्ट लॉन्चिंग



शिवाजी नगर स्थित भारतीय किसान संघ कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन

# डॉक्युमेंट्री जीवन जीने का रास्ता दिखाती है: किंशुख सुरजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल की मासिक व्याखानमाला के अंतर्गत होटल मयूर पैलेस में आयोजित व्याख्यान में अतिथि वक्ता भोपाल के युवा व्रतचित्र निर्माता और अनेको अंतर राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किंशुख सुरजन ने अपने व्याख्यान में कहा डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है क्योंकि वास्तविकता का फिल्मांकन करने में कई समस्याएं आती है अपने अनुभव बताते हुए उन्होंने कहा कि मैने खेतों में जाकर गर्मी में फसल काटी खेतों में सोया गांव में वर्षो गुजारे, किसान और ग्रामीण जीवन की वास्तविकता को देखा तभी डॉक्यूमेंट्री बनाने का उद्देश सफल हो पाया है। डॉक्यूमेंट्री कल्पना नहीं वास्तविकता है तभी डॉक्यूमेंट्री समाज को सही राह दिखाने का संदेश देती है इसलिए डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाना मेरा लक्ष्य हैं। किंशुख ने श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। व्याख्यान माला के प्रारंभ में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मनोज झा ने किंशुक सुरजन का स्वागत किया आभार प्रदर्शन रोटेरियन विश्वास घुसे ने किया।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव मप्र कैडर के 2011 बैच के आईएएस बी विजय दत्ता निदेशक नियुक्त



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में मध्य प्रदेश कैडर में 2011 बैच के आईएएस अधिकारी बी विजय दत्ता,जो वर्तमान में आवास और शहरी मामलों और बिजली मंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव के रूप में उप सचिव स्तर पर कार्यरत हैं, को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय में निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी न दत्ता के पद को निदेशक स्तर पर पुन: नामित करने के प्रस्ताव को पुन: नामित पद का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से और 19 जनवरी, 2027 तक की अवधि के लिए या मंत्री के साथ सह-समाप्ति आधार पर या जब तक वे मंत्री के निजी सचिव के रूप में कार्य करना बंद नहीं कर देते हैं या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए अनुमोदित कर दिया है।

# विद्युत चोरी के 808 प्रकरण दर्ज, 63 लाख से अधिक की वसूली

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर विद्युत की चोरी के 808 प्रकरण दर्ज कर 63 लाख से अधिक की बिलिंग सहित 18 लाख से अधिक की वसूली की गई है। कंपनी ने बताया कि विजिलेंस बिलिंग पोर्टल पर पारितोषिक योजना में सूचनाकर्ता द्वारा विद्युत चोरी एवं अन्य अनियमितताओं से संबंधित गोपनीय सूचना दिये जाने की ऑनलाईन व्यवस्था की गयी है। अब ऑनलाइन पोर्टल के इन्फ्रार्मर सेक्शन में विद्युत की चोरी तथा अनियमितता की सूचना किसी व्यक्ति अथवा उपभोक्ता के अलावा आउटसोर्स कर्मी द्वारा भी दी जा सकती है। इसके लिए सूचना दिये जाने के बाद की गई जांच में पायी गयी चोरी अथवा अनियमितता के आधार पर बिल की गयी राशि के पूर्ण भुगतान प्राप्त हो जाने पर संबंधित सूचनाकर्ता एवं संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्धारित पारितोषिक दिया जाता है। कंपनी ने बताया कि योजना में प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिये कंपनी के पोर्टल पर 20 जनवरी 2025 तक की स्थिति में कुल 808 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इसमें से जांच के बाद 280 प्रकरणों में विद्युत चोरी या अन्य अनियमितता पायी गई है। जिनके मौके पर पहुंचकर पंचनामें बनाये गये हैं। विजिलेंस टीम द्वारा 63 लाख 9 हजार की बिलिंग करअभी तक 18 लाख 62 हजार रूपयों की वसूली की गयी है।

# विशेषज्ञों से प्राप्त सुझावों को बजट में किया जाएगा शामिल: उप मुख्यमंत्री देवड़ा

**बजट संवाद में की विषय विशेषज्ञों से चर्चा**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 से प्राप्त सुझावों को बजट में शामिल किया जायेगा। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में बजट संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में विकसित राष्ट्र के रूप में नम्बर वन पर लाना है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 वर्षों में हमारा देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो, यह बजट संवाद उसी कड़ी का हिस्सा है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि हमारा देश विश्व में विकसित ही नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी मजबूत बनेगा।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में उपस्थित विषय-विशेषज्ञों ने अपने प्रस्तुतिकरण में कई सुझाव दिये हैं, जिससे कई क्षेत्रों में और काम करने की गुंजाइश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट बेहतर और जनोपयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विषय-विशेषज्ञों से कहा कि आप सभी से बजट के संबंध में मार्गदर्शन लिया है। उन्होंने कहा कि लिखित में भी आप अपने सुझाव दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि यह बड़ा संयोग है कि आज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती है, दो दिनों बाद गणतंत्र दिवस है और प्रयागराज में कुंभ चल रहा है, ऐसे समय में हम प्रदेश के बजट पर संवाद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह संवाद हम सबके लिये दूरगामी सकारात्मक परिणामों को सार्थक करने का कदम साबित होगा।

बजट संवाद में नाबार्ड के उप महाप्रबंधक सुशील कुमार ने किसानों की सुविधा के लिये मंडियों को ग्रामीण आबादी के नजदीक लाने का सुझाव दिया। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक के चेयरमेन आर.सी. बेहरा ने ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिये बजट में प्रावधान करने के लिये कहा। सरपंच सुभक्ति शर्मा ने महिला स्वास्थ्य, कानूनी सहायता, बेहतर इन्फ्रा-स्ट्रक्चर और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने की बात कही। युवा किसान प्रतीक पाटीदार भोपाल ने खेती को बढ़ावा देने का सुझाव दिया। किसान जितेन्द्र सिंह रायसेन ने बाँस के लिये बाजार व्यवस्था पर प्रकाश डाला। फिल्म प्रोड्यूसर नरेन कुमार ने सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश में स्थानीय व्यवस्था मुहैया होगी तो वॉलीवुड के लिये काम करने में आसानी होगी। ग्राहक पंचायत के अलंकार वशिष्ठ ने खाद्य पदार्थों की जाँच सुविधा सुदृढ़ करने का सुझाव दिया। सचिव वित्त लोकेश जाटव ने कहा कि हम बजट को अंतिम रूप दे रहे हैं। इस बजट में नये आयाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि बजट पर संवाद कार्यक्रम में युवा और अनुभव की शक्ति हमें देखने को मिली है। आपके सुझावों को बजट में जगह मिलेगी। प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी, अपर सचिव रोहित सिंह, वित्त विभाग के अधिकारी, विषय-विशेषज्ञ और हितधारक उपस्थित रहे। संचालक बजट तन्वी सुन्द्रीयाल द्वारा बजट संवाद में विभिन्न क्षेत्रों के विषय-विशेषज्ञों एवं हितधारकों द्वारा मध्यप्रदेश बजट 2025-26 को बेहतर और जनोपयोगी बनाने के लिये विचार एवं वक्तव्य पर केन्द्रित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रस्तुतिकरण दिया। बजट संवाद में केन्द्रीय वित्त आयोग नई दिल्ली, यूनिसेफ इण्डिया नई दिल्ली, भारतीय स्टेट बैंक भोपाल, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक इंदौर, नाबार्ड, लघु उद्योग भारती, मध्यप्रदेश गोविंदपुरा औद्योगिक एसोसिएशन भोपाल, सीआईआई, फिल्म उद्योग, ग्राहक पंचायत, किसान, बाँस उत्पाद, चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि और विषय-विशेषज्ञ शामिल हुए।

स म्पा द की य

# बनाओ या ज्यादा टैक्स चुकाओ..

पिछले दो दशक से पूरी दुनिया के बाजार चीन में बने माल से पटे हुए हैं। चीन एक तरह से दुनिया की फैक्ट्री बना हुआ है। लेकिन दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप के एक बयान ने चीन की नींद उड़ा दी है। एक तरफ तो उन्होंने दुनियाभर के बिजनस लीडर्स को अमेरिका में सामान बनाने के लिए आमंत्रित किया है, दूसरी ओर चेतावनी भी दी है कि अगर वे ऐसा नहीं करती हैं और अपने उत्पाद विदेश में बनाती हैं, तो उन्हें अमेरिका में अधिक टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

असल में राष्ट्रपति बनने के साथ ही ट्रंप ने मेक्सिको, कनाडा और चीन के सामान पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। साथ ही उन्होंने चीन के सामान पर 60 प्रतिशत से ज्यादा टैरिफ लगाने की बात कही है। ट्रंप ने स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वह कच्चे तेल की कीमत, ब्याज दरों और टैक्स को कम करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह यूक्रेन और रूस के बीच करीब तीन साल से चल रही



लड़ाई को खत्म करने के लिए जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलना चाहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि इस युद्ध के कारण जानमाल का भारी नुकसान हुआ है।

ट्रंप न मांग की है कि ब्याज दरें तुरंत कम हों। पूरी दुनिया में इसमें कमी होनी चाहिए। मैं सऊदी अरब और ओपेक से भी तेल की कीमत कम करने के लिए कहने जा रहा हूं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब आयातित वस्तुओं पर व्यापक टैरिफ की उनकी योजनाओं को लेकर बाजार चिंतित हैं। ट्रंप का बयान आते ही कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई। साथ ही यूरो में भी गिरावट देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर फॉरेन करेंसीज बास्केट के मुकाबले ऊपर-नीचे झूलता रहा।

ट्रंप ने इस मौके पर कनाडा और यूरोपीय संघ आयात नीतियों की आलोचना की। उनका कहना था कि इन नीतियों के कारण अमेरिका को घाटा हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हम दूसरे देशों से सम्मान चाहते हैं। कनाडा के साथ हमारा बहुत बड़ा घाटा है। हम इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। ट्रंप ने टैरिफ, रेगुलेशन और टैक्स में कटौती के साथ-साथ अवैध आव्रजन पर बात की। साथ ही उन्होंने अमेरिका को एआई, क्रिप्टोकरेंसी और जीवाश्म ईंधन का केंद्र बनाने की प्रतिबद्धता के साथ मुद्रास्फीति को कम करने का वादा किया।

ट्रंप के बयान ने चीन की परेशानी बढ़ा दी है। चीन और अमेरिका के बीच पिछले कई साल से ट्रेड वॉर चल रहा है। अमेरिका के साथ चीन का ट्रेड सरप्लस 1 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है। इससे आप इस बात का अंदाजा लगा सकते हैं कि चीन के लिए अमेरिका का बाजार कितना अहम है। ट्रंप इस स्थिति को बदलना चाहते हैं। अमेरिका का कर्ज 36 ट्रिलियन डॉलर पहुंच चुका है और अगर जल्दी कुछ नहीं किया गया तो देश के डिफॉल्ट होने की नौबत आ सकती है। माना जा रहा है कि ट्रंप के टैरिफ प्लान से अमेरिका का खजाने में अगले 10 साल में करीब 3.3 ट्रिलियन डॉलर की रकम आएगी।

ट्रंप के टैरिफ से भारत पर भी खतरा मंडरा रहा है। माना जा रहा है कि देर-सबेर वह भारतीय सामानों पर भी टैरिफ की घोषणा कर सकते हैं। इसकी वजह यह है कि ट्रंप भारत को टैरिफ किंग बता चुके हैं। चीन के बाद अमेरिका भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका के साथ भारत ट्रेड सरप्लस की स्थिति में है। यह वजह है कि भारत ने भी अपनी व्यापार नीतियों की समीक्षा शुरू कर दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने इस बारे में अलग-अलग मंत्रालयों के साथ बातचीत शुरू कर दी है।

ट्रंप की शुरुआती नीतियां और घोषणाएं चीन या भारत के लिए समस्या वाली हो सकती हैं, लेकिन अमेरिका के लिए ये अंततः फायदे वाली ही साबित होंगी। भारत भी मेक इन इंडिया का पक्षधर रहा है और यहां भी यही नीति लागू की जा रही है। इसलिए हम अमेरिका की इस घोषणा या नीति का विरोध भी नहीं कर सकते। वह यह सब अपने देश के लिए ही कर रहे हैं। लेकिन इसमें एक बाधा हो सकती है, वो ये कि चीन की कंपनियां यदि अमेरिका में जाकर उत्पादन नहीं करती हैं, तो अधिक टैरिफ लगने से उत्पादों की कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी लोगों को महंगा सामान मिलेगा।

दूसरी बात ये कि चीन यदि वहीं सामान बनाता है, तो उसे भी महंगा पड़ेगा और इस तरह हो सकता है कि वह अपना व्यापार समेटने लगे। हो सकता है कि चीन का सस्ता सामान अमेरिका को नहीं मिले। जहां तक मेक इन कंट्री की नीति या घोषणा की बात है, तो इसमें चाहे भारत हो या अमेरिका, यह जरूर देखना होगा कि उत्पादन में क्या बाधाएं आएंगी? और क्या उस उत्पाद में आयातित उत्पाद की कीमत और गुणवत्ता में कितना अंतर है? कच्चे माल की उपलब्धता इसमें सबसे बड़ा कारक होता है। इसका प्रभाव चीन और भारत पर कितना पड़ता है, यह तो आगे पता चलेगा, यह भी देखना होगा कि अमेरिकी लोगों पर कितना असर पड़ता है।

# भारत के लिये खतरा है पाक-बांग्लादेश की नजदीकियां

**ललित गर्ग**

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है।

बांग्लादेश की कार्यवाहक सरकार प्रधानमंत्री शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से लगातार भारत विरोधी गतिविधियों एवं कारगुजारियों एवं षडयंत्रों में संलग्न है, लगता है पाकिस्तान के शह पर बांग्लादेश का भारत विरोधी रवैया बढ़ रहा है। बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी मुहिम व अल्पसंख्यक हिन्दुओं एवं हिन्दू धर्मस्थलों पर हिंसक हमलों के बाद अब भारत सीमा पर बाड़बंदी को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया जा रहा है। जबकि इस मुद्दे पर दोनों देशों के बीच पहले ही सहमति बनने के बाद बड़े हिस्से पर बाड़बंदी हो चुकी है। लेकिन टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों की आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। बांग्लादेश भारत की शांति व सद्भाव की कामना एवं सहनशीलता को उसकी कमजोरी न माने, ऐसी भूल बांग्लादेश के लिये बहुत भारी पड़ सकती है। दोनों देशों की शांति, सद्भावना एवं सौहार्द के लिये किसी तीसरे देश के दखल को बढ़ने न दिया जाये।

2015 में शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ढाका पहुंचे। यहां दोनों नेताओं ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसे लैंड बाउंड्री एग्रीमेंट कहते हैं। इसी के अन्तर्गत भारत ने अब तक 3271 किलोमीटर सीमा कर बाड़बंदी कर दी है। अब केवल 885 किलोमीटर खुली सीमा की बाड़बंदी बाकी है। भारत बचे इलाके की बाड़बंदी कर रहा है लेकिन बांग्लादेश भारत की कोशिशों में अड़ंगा डाल कर दोनों देशों के बीच हुए समझौते को नकार रहा है। बांग्लादेश के गृह मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर विरोध व्यक्त किया तो इसके जवाब में भारत ने भी जवाबी कार्रवाई की और बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नूरूल इस्लाम को तलब कर अपना विरोध जताया। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषतः पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की युनूस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है।

निश्चित ही पाक से उसकी नजदीकियां लगातार बढ़ी हैं और वहां पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है, ऐसी जटिल होती स्थितियों में भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए एवं अपनी सीमाओं को सुरक्षित बनाना ही चाहिए। पाकिस्तान पंजाब, जम्मू-कश्मीर व नेपाल के रास्ते आतंकवादियों को भारत भेजने की कोशिशें लगातार करता रहा है, अब उसने



बांग्लादेश को भी इन गतिविधियों के लिये चुना है एवं बांग्लादेश से लगी भारत की खुली सीमा का दुरुपयोग कर रहा है तो भारत को सतर्क एवं सावधान होना ही चाहिए। पाकिस्तान से लगती सीमा पर तमाम चौकसी के बाद भी सीमा पार से जिस तरह जब-तब आतंकियों की घुसपैठ होती रहती है, वह गंभीर चिंता की बात है। जब पाकिस्तान से लगती सीमा भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है, तब यह शुभ संकेत नहीं कि बांग्लादेश से लगी सीमा भी भारत के लिए चिंता का कारण बने।

बड़ी सच्चाई है कि पाक का जन्म ही भारत विरोधी मानसिकता से हुआ है। ऐसे में अतीत से सबक लेते हुए भारत को अपनी सीमाओं की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की चूक नहीं करनी चाहिए। किसी भी तरह की ढिलाई भारतीय सुरक्षा पर भारी पड़ सकती है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता। उसकी यह कटुता उसके लिये ही कालांतर घातकएवं विनाशकारी साबित हो सकती है। यह विडंबना ही है कि नोबेल पुरस्कार से सम्मानित अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है, दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका को साफ-साफ देख जा रहा है।

जबकि शेख हसीना शासनकाल में भारत और बांग्लादेश के संबंध सामान्य थे तो भारत बांग्लादेश को विश्वास में लेकर बाड़बंदी कर रहा था लेकिन अब यूनुस सरकार लगातार उकसाने वाली कार्रवाई कर रही है। उसने पाकिस्तानियों का बांग्लादेश में प्रवेश आसान कर दिया है तो पाक के बांग्लादेश को भारत विरोधी प्लेटफॉर्म के रूप में इस्तेमाल करने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसी के चलते बांग्लादेश की भारत विरोधी बयानबाजी और कारगुजारी से दोनों देशों के संबंधों में जबरदस्त कड़वाहट आ चुकी है। बावजूद इसके गत दिसम्बर में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी ढाका यात्रा के दौरान बांग्लादेश को आश्वस्त किया था कि भारत उसका दोस्त बना हुआ है और व्यापार, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के मामलों में रिश्ते पहले की तरह बरकरार रहेंगे। उस समय ऐसा लगा था कि दोनों पक्षों ने सीमा पर स्थिति को?शांत कर लिया है।

यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है बल्कि उनको उग्र कर दिया है। जेल में बंद कई भारत विरोधी तत्वों को बेल दे दी गयी है, ये ही तत्व भारत में अस्थिरता फैलाने की साजिश रच रहे हैं। लिहाजा भारत के लिये बॉर्डर पर घेराबंदी अत्यावश्यक हो गयी है। राजनीतिक आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के चलते यूनुस सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को निपटाने एवं धुंधलाने की कोशिशों में लगी हुई है। कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भारत में पहले से ही लाखों बांग्लादेशी अवैध रूप से रह रहे हैं लेकिन ढाका द्वारा आतंकवादियों और दोषी ठहराए गए इस्लामी कट्टरपंथियों की रिहाई के बाद भारत द्वारा बॉर्डर पर कंटीले तारों को लगाने की कोशिश का बांग्लादेश?सरकार द्वारा कड़ा विरोध दर्शा रहा है कि पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी भारत में अस्थिरता, अशांति एवं अराजकता फैलाना चाहता है।

बांग्लादेश बाड़ लगाने के समझौते का सम्मान करने के बजाय उसकी समीक्षा करने की बात करके उसमें रौड़ा अटकाना चाह रहा है। वह उन स्थानों पर कंटीले तारों वाली बाड़ लगाने का खास तौर पर विरोध कर रहा है, जहां से बड़े पैमाने पर घुसपैठ और तस्करी होती है और यही से आतंकवादी गतिविधियों को संचालित करने की संभावनाएं हैं। इसके कुछ पुष्ट प्रमाण भी मिले है। इस संदर्भ में बांग्लादेश वैसे ही कुतर्क एवं बेतूके तथ्य प्रस्तुत कर रहा है, जैसे सीमा सुरक्षा के भारत के प्रयत्नों पर पाकिस्तान करता रहता है। हैरानी नहीं कि यह बांग्लादेश से पाकिस्तान की हालिया नजदीकी किसी बड़ी दुर्घटना या आतंकी हमले का सबब बन जाये। भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। भारत को यह देखना होगा कि कहीं ये दोनों देश मिलकर उसके खिलाफ कोई ताना-बाना तो नहीं बुन रहे हैं? निश्चित रूप से पिछले दिनों बांग्लादेश से रिश्तों में जिस तरह से अविश्वास एवं कडवाहट उपजी है, उसके चलते भारत अपनी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं कर सकता। भारत के लिए यही उचित है कि वह पाक-बांग्लादेश के संभावित गठजोड़ से सावधान रहे।

भारत को अपनी सुरक्षा चिंताओं के लिये कदम उठाने ही चाहिए। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश यानी बीजीबी में कई बार बातचीत के बाद बाड़बंदी मुद्दे पर सहमति बन चुकी है। लेकिन बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आता है। ऐसा ही रवैया उसका अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर भी रहा है, जिस बारे में वह अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका हो। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका यह रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा।

# हमारा गणतंत्र क़र्ज़दार है?

**राकेश दुबे**

हमारा गणतंत्र दिवस क़रीब है और देश पर करीब 200 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। चूंकि अब सरकार ने उसका ब्याज चुकाने को 10.61 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज लिया है, तो स्थितियां स्पष्ट होने लगी हैं कि भारत सरकार पर आंतरिक कर्ज का बोझ कितना है? विदेशी कर्ज भी लाखों करोड़ रुपए में है, जिसका ब्याज चुकाने के लिए भी कर्ज मांगना पड़ रहा होगा।

यह एक राष्ट्रीय यथार्थ सामने है। यदि कोई और आयाम है, तो भारत सरकार को गणतंत्र दिवस स्पष्ट करना चाहिए। भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और हम तीसरी बनने की ओर अग्रसर हैं। ऐसे बयान गोल-गपाड़े लगते हैं, क्योंकि असल में देश दिवालियापन की ओर बढ़ता दिखाई देता है। चूंकि हमारे जीडीपी का आकार बड़ा और व्यापक है, लिहाजा हम बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन हम कर्जमुक्त अर्थव्यवस्था नहीं हैं।

देश की सत्ता और उसके प्रवक्ता अमरीका का उदाहरण न दें कि वह भी कर्जदार देश है। दरअसल उसकी अर्थव्यवस्था 25-26 ट्रिलियन डॉलर की है।



भारत से करीब 6 गुना अधिक..! भारत का बजट ही 45-50 लाख करोड़ रुपए का है और उसका चौथाई हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में खर्च हो जाए और उसके लिए भी एक और कर्ज लेना पड़े, तो कैसे माना जा सकता है कि हम बड़ी अर्थव्यवस्था के देश हैं और 'विकसित देश' बनने की ओर बढ़ रहे हैं?

भारत अब भी विकासशील और गरीब देश है, लिहाजा 81 करोड़ लोगों को 'मुफ्त अनाज' बांटना पड़ रहा है। यह सबसे बड़ी 'रेवड़ी' है। हमने यह मुद्दा इसलिए उठाया है, क्योंकि आजकल दिल्ली चुनाव में 'रेवड़ियां' बांटने और वोट उगाहने की प्रतिस्पर्द्धा जारी है। दिल्ली का बजट 76,000 करोड़ रुपए का है। यदि तमाम घोषित 'रेवड़ियां' मुहैया कराई जानी हैं, तो दिल्ली सरकार को करीब 32,000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त जरूरत पड़ेगी। इतनी पूंजी कहां से लाएगी दिल्ली सरकार? बजट में 60,000 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय वेतन-भत्तों और पेंशन आदि पर हो जाता है। मौजूदा वित्त-वर्ष में बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 5919 करोड़ रुपए से कुछ अधिक ही आवंटित किए जा सके हैं।

1993 के बाद पहली बार बजट में घाटा दिख रहा है। सरकार 'आप', भाजपा या कांग्रेस की बने, लेकिन तीनों ने जितनी 'रेवड़ियों' की घोषणा कर रखी है, उन्हें मुहैया कराने को कमोबेश 25,000 करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। अर्धराज्य की सरकार इतने आर्थिक संसाधन कहां से लाएगी? भाजपा के लिए अब चुनावी वैचारिकता नेपथ्य में चली गई है। हर रोज एक नई 'रेवड़ी' की घोषणा या तो भाजपा करती है अथवा 'आप' करती है। 'रेवड़ियां' ही चुनाव का आदर्श मॉडल बन गई हैं।

दोनों पक्षों में होड़ मची है कि कौन आम आदमी को ज्यादा आलसी और नकारा बना सकता है? 'रेवड़ियों' की इस संस्कृति के कारण ही तमिलनाडु पर सर्वाधिक 9 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। देश के सबसे बड़े राज्य, भाजपाशासित, उप्र पर कर्ज बढक़र 8.57 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। एक और बड़े राज्य, भाजपा-महायुति शासित, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई वाले राज्य, महाराष्ट्र का कर्ज भी 8 लाख करोड़ रुपए की ओर बढ़ रहा है। ये कर्जदार हालात सभी राज्यों के हैं। दिल्ली भी उसी जमात में शामिल हो गई है। जब देश के सभी राज्य कर्ज में डूब जाएंगे, तो आने वाले 15-20 सालों में देश भी दिवालिया हो सकता है! वैसे केंद्र सरकार की कलई तो खुल गई है कि उसे ब्याज चुकाने को भी कर्ज लेना पड़ा है। इस स्थिति के लोकतांत्रिक सिद्धांतों और अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर फलितार्थ होंगे। हमारे राजनीतिक दल और नेतागण आम आदमी को आलती-पालथी वाली जिंदगी जीने को बाध्य कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी)




राष्ट्रीय बालिका दिवस भारत में हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत महिला एवं बाल विकास, भारत सरकार ने 2008 में की थी। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सेव द गर्ल चाइल्ड, चाइल्ड सेक्स रेशियो, और बालिकाओ के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षित वातावरण बनाने सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है।

24 जनवरी के दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को नारी शक्ति के रूप में याद किया जाता है। इस दिन इंदिरा गांधी ने पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में कर्यभाल संभाला था। इसलिए इस दिन को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है।

उद्देश्य- देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना।

बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना।

बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व पर जागरूकता बढ़ाना।

देश की समस्त बालिकाओं का सादर अभिवादन/अभिनंदन

राजेश नारायण श्रीवास्तव (एड.)

# दिल्ली में मुफ्त चुनावी उपहारों के शोर में असल मुद्दे दब कर रह गये हैं

**नीरज कुमार दुबे**

आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी।




अक्सर आपने देखा होगा कि किसी राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक और सामाजिक समीकरण हावी हो जाते हैं लेकिन देश की राजधानी दिल्ली में हालात एकदम अलग हैं। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में राजनीतिक चर्चा में ''मुफ्त उपहारों'' की चर्चा हावी है जिससे प्रदूषण, कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अपराध और बुनियादी ढांचा सहित अन्य प्रमुख मुद्दे पीछे रह गए हैं। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी मुफ्त बिजली, पानी, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और महिलाओं के लिए निःशुल्क सार्वजनिक परिवहन पहल पर जोर देते हुए ''रेवड़ी पर चर्चा'' जैसे अभियानों का नेतृत्व कर रही है। इसने नयी योजनाओं की भी घोषणा की है, जिनमें महिलाओं को हर महीने 2,100 रुपये देने के वादे के साथ मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल संबंधी संजीवनी योजना शामिल है।

कांग्रेस ने जवाब में 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की है जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपये देने की बात कही गई है। इसने 25 लाख रुपये तक की बीमा कवरेज का वादा करते हुए 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा भी की है। वहीं भाजपा ने भी अपने संकल्प पत्र के दो चरण अब तक जारी किये हैं जिनमें हर वर्ग के लिए योजनाओं की भरमार है। देखा जाये तो इन मुफ्त योजनाओं को एक बार 'मुफ्त की रेवड़ी' करार देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना पड़ा है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो इस तरह की योजनाएं जारी रखी जाएंगी।

इस बीच, मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त उपहारों की घोषणाओं के चलते दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसा महत्वपूर्ण मुद्दा गौण हो गया है। हालांकि राजधानी के ज्यादातर निवासियों ने गंभीर स्वास्थ्य खतरा बने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए ठोस कार्य योजनाओं की कमी पर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) पिछले साल नवंबर में 490 के अंक को पार कर गया, जो ''अत्यंत गंभीर'' श्रेणी में आता है। जहरीली हवा के कारण अनेक लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, यमुना नदी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण पूरे शहर में पानी की कमी भी देखी गई क्योंकि जलशोधन संयंत्र पानी का शोधन करने में असमर्थ थे। यही नहीं, खराब जल निकासी के चलते दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित एक कोचिंग सेंटर में तीन यूपीएससी अभ्यर्थियों की डूबने से मौत को लेकर राष्ट्रीय राजधानी में आक्रोश देखा गया था।

बहरहाल, देखा जाये तो मुफ्तखोरी की संस्कृति को बढ़ावा देने की वजह से शासन एवं नीति-निर्माण पंगु हो गये हैं। अपने अब तक के कार्यकाल में आम आदमी पार्टी की सरकार ने रोजगार सृजन और संविदा कर्मचारियों के लिए समाधान खोजने जैसे अन्य प्रमुख मुद्दों की अनदेखी की है। आम आदमी पार्टी ने मुफ्त योजनाओं की जो आदत जनता को लगाई है उसको देखते हुए अन्य पार्टियां भी इसी नीति पर चलती नजर आ रही हैं। यह नीति राजनीतिक दलों को सत्ता तो दिला देगी लेकिन सरकारी खजाने को और राज्य की आर्थिक सेहत को खासा नुकसान पहुँचाएगी। यहां सवाल यह भी उठता है कि हम 2047 तक भारत को विकसित बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन जब देश की राजधानी ही विकसित नहीं होगी तो यह लक्ष्य आखिर कैसे हासिल होगा?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने इंदौर के महापौर भार्गव के पिताजी की कुशलक्षेम जानी



भोपाल । उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने जुपिटर अस्पताल, इंदौर में इलाज प्राप्त कर रहे महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव के पिताजी से भेंट की। उन्होंने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने बाबा महाकाल महाराज के दर्शन किये



भोपाल । मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अपने उज्जैन प्रवास के दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुँचकर श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन किये । मन्दिर परिसर मे नगर निगम सभापति श्री मति कलावती यादव दीदी ने उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया, श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सत्कार शाखा प्रभारी श्री चंद्रप्रकाश शर्मा द्वारा श्री शुक्ल का स्वागत व सम्मान किया गया।

# 6 आशा कार्यकर्ता दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह हेतु आमंत्रित

शहडोल (सांध्य प्रकाश) - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि 26 जनवरी 2025 को दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह हेतु जिले की 6 आशा कार्यकर्ताओं को विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। जिन आशा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है उनमें शहडोल जिले के ग्राम देवरी निवासी श्रीमती राजकुमारी सिंह, ग्राम पपरेडी निवासी श्रीमती रेखा सिंह, ग्राम खडुहली निवासी श्रीमती सीता रजक, ग्राम कचहर निवासी श्रीमती मीना सिंह, ग्राम रतहर निवासी श्रीमती बबली सिंह एवं श्रीमती राजदुलारी सिंह के नाम शामिल है। ज्ञातव्य है कि उक्त आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्य पद्धति एवं राष्ट्रीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का उल्लेखनीय कार्य किया गया है।

# कंबल एवं ट्रैक सूट का विद्यालय में हुआ वितरण

**शहडोल(सांध्य प्रकाश )**।शासकीय आदर्श आवासीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहनगर जिला शहडोल अन्तर्गत मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य विभाग के दिशानिर्देशानुसार विद्यालय में छात्र छात्राओ को कंबल एवं ट्रैक सूट वितरण प्रदान किया गया इस कार्यक्रम में विधानसभा जयसिंहनगर की विधायक मनीषा सिंह,भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयसिंहनगर जयश्री कचेर, थाना प्रभारी जयसिंहनगर सातेंद्र चतुर्वेदी,विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र तिवारी, बी.आर.सी. समन्वयक आर.एन. विश्वकर्मा के साथ भाजपा नेता उपस्थित रहें। विद्यालय के प्राचार्य राजीव तिवारी ने बताया कि सरकार की योजना है कि आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े लोग जो अपने बच्चोको बड़े विद्यालय में पढाना चाहते है पर नहीपढा पाते उनके लिए शासन द्वारा आवासीय, माडल, कन्या शिक्षा, ईएमआरएस, ज्ञानोदय जैसी संस्थाओ कासंचालन किया जा रहा है। जिसमें आर्थिक पिछड़े हुए लोंगो के बच्चो को भी आसानी से शिक्षा मुहैया हो सके इसी के साथ इस विद्यालय में पढाई के साथ-साथ कार्यक्रमो का आयोजन विद्यालय में अक्सर होता ही रहता है। कार्यक्रम का संचालन ज्योती केशरवानी द्वारा सफल रुप से किया गया।

# किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदे गये गेहूँ पर मिलेगा 125 रूपये प्रति क्विंटल का बोनस

औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिये निरंतर कार्य कर रही है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये प्रदेश के पंजीयन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक है। किसान ऐप के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। पंजीयन के लिये ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों पर निरूशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। गेहूँ उपार्जन के लिये समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 150 रूपये प्रति क्विंटल अधिक है।

# गुर्रा मे छात्र-छात्राओं को मिली सायकिल

शहडोल (सांध्य प्रकाश)ः- मध्यप्रदेश शाशन की हितग्राही मूलक योजना के तहत शाशकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मे सायकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया,कार्यक्रम मे वित्तीय वर्ष 23-24 एवं



24-25 के 93 पात्र छात्रों को जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी, सहायक आयुक्त ट्राइबल शहडोल और बीईओ गोहपारू की उपस्थित मे सायकिल वितरित किया गया, कार्यक्रम मे ग्राम पंचायत गुर्रा के सरपंच -उपसरपंच सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक, विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।

# क्या लोक अदालत में माफ हो जाएंगे आपके चालान जानें पूरी प्रक्रिया

अगर आपने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन किया है और आपका चालान कट गया है, तो अब आपको लोक अदालत में जाकर उसे माफ या कम कराने का मौका मिल सकता है। लेकिन, क्या कैमरे से कटे चालान भी इस अदालत में माफ हो सकते हैं? इस साल की पहली नेशनल लोक अदालत 8 मार्च को होने वाली है, जहां आप अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। आइए जानते हैं लोक अदालत में चालान माफ कराने की प्रक्रिया और किन मामलों में राहत नहीं मिल सकती।

लोक अदालत में कई मामलों में चालान को माफ या कम किया जा सकता है, लेकिन इस प्रक्रिया के लिए कुछ शर्तें हैं। अगर आपका चालान ट्रैफिक नियमों के सामान्य उल्लंघन की वजह से कटा है, तो उसे कम किया जा सकता है। जैसे कि सीट बेल्ट न पहनना, हेलमेट न पहनना, या रेड लाइट तोड़ने जैसे मामूली उल्लंघन। लेकिन अगर चालान किसी गंभीर अपराध या दुर्घटना से संबंधित है, तो वह माफ या कम नहीं किया जाएगा।

चालान माफ या कम कराने के लिए आपको लोक अदालत में जाने से पहले ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके लिए आपको निम्नलिखित कदम उठाने होंगेः

नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाएं।

यहां आपको ऑनलाइन एप्लिकेशन का लिंक मिलेगा। इस पर क्लिक करें और Legal Aid Application Form पर जाएं।

फॉर्म को ध्यान से भरें और सभी डिटेल्स सही से भरें।

फॉर्म सबमिट करने के बाद आपको एक कन्फर्मेशन मेल और टोकन नंबर मिलेगा।

इस टोकन नंबर से आप अपनी लोक अदालत की अपॉइंटमेंट शेड्यूल करें।

अपॉइंटमेंट लेटर का प्रिंटआउट निकालें और उसे साथ लेकर जाएं।

क्या डॉक्यूमेंट्स चाहिए होंगे?

लोक अदालत में जाने के लिए आपको कुछ जरूरी दस्तावेज़ साथ लेकर जाने होंगे। ये हैंः

अपॉइंटमेंट लेटर

पुराने चालान की कॉपी और नए चालान की कॉपी

आईडी प्रूफ (आधार कार्ड, पैन कार्ड, आदि)

मेल पर आया टोकन नंबर

ड्राइविंग लाइसेंस

व्हीकल के डॉक्यूमेंट्स

साथ ही, लोक अदालत के बताए गए समय से आधे घंटे पहले पहुंचना जरूरी है। अगर आप लेट होते हैं, तो आपका चालान माफ करने की प्रक्रिया अटक सकती है।इस साल चार बार मिलेगा मौका

इस साल आपको चार बार लोक अदालत का फायदा उठाने का मौका मिलेगा, जिसमें आप अपना चालान माफ या कम करवा सकते हैं।

पहली लोक अदालतः 8 मार्च 2025

दूसरी लोक अदालतः 10 मई 2025

तीसरी लोक अदालतः 13 सितंबर 2025

चौथी लोक अदालतः 13 दिसंबर 2025

इस तरह, साल में चार मौके मिलेंगे, जब आप अपने चालान को माफ या कम करा सकते हैं, बशर्ते वह ट्रैफिक के सामान्य उल्लंघन से जुड़ा हो।

# उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उज्जैन में भगवान मंगलनाथ के किये दर्शन



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने उज्जैन स्थित मंगलनाथ मंदिर में भगवान के दर्शन कर भात पूजन किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के प्रशासक के के पाठक द्वारा उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का मंत्रोंउच्चार के साथ अंग वस्त्र तथा मंगलनाथ जी की तस्वीर भेंटकर उनका सम्मान भी किया गया।

# आंगनवाड़ी केंद्र क्र.3 चंडी चोपरा में महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न



दमोहः जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटेल के निर्देशन में आंगनवाड़ी केंद्र 3 चोपरा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) चोपरा के द्वारा ÷गर्भावस्था और बच्चे के जन्म के समय देखभाल÷ विषय पर आधारित जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के समय की आवश्यक जांचे यथा रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, मधुमेह, वजन, लंबाई इत्यादि की जांच की गई एवं गर्भिणी परिचर्या एवं मासानुमासिक आहार संबंधित परामर्श दिया गया।

शिविर में नवजात शिशु से संबंधित देखभाल के महत्वपूर्ण बिंदु जैसे उचित स्तनपान, शीत ऋतु में शिशु का रखरखाव, कम वजन के बच्चों के लिए कंगारू मदर केयर, हाथ धुलाई का महत्व, टीकाकरण के प्रति जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य शिविर से कई ग्रामीण जन लाभान्वित हुए। इस अवसर पर डॉ.पंकज दास रोहित, डॉ शाहबाज खान, एएनएम राधा विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता गोमती साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुलोचना जैन, योग प्रशिक्षक ध्रुव प्रताप सोलंकी का विशेष सहयोग रहा।

# मप्र सरकार गौ-सेवा के लिये प्रतिबद्ध - उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## कामधेनु गौ-अभयारण्य सालरिया, सुसनेर में वेदलक्षणा महा-महोत्सव और गौ-कथा में हुए सम्मिलित

भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार गौ-सेवा के लिये प्रतिबद्ध है। प्रदेश में वर्ष 2024 को गौ-संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि गौ-माता सम्पूर्ण मानव जाति के लिए पूजनीय है। मानव जाति के कल्याण के लिए गौमाता की रक्षा करना होगी, हमें गौ-माता को निराश्रित नहीं रहने देना है। उन्होंने आह्वान किया कि हर घर में गौ-माता का पालन कर गोकुल बनायें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल आगर-मालवा जिले के कामधेनु गौ-अभयारण्य सालरिया में चल रहे एक वर्षीय वेदलक्षणा गौ-आराधना महोत्सव अंतर्गत गौ-कथा में शामिल हुए।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गौ-अभयारण्य में चल रहे इतने वृहद स्तर के महोत्सव ने गौ-संवर्धन वर्ष को चरितार्थ किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौ-अभयारण्य सभाकक्ष में अभयारण्य की व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे मे चर्चा की। उन्होंने अभयारण्य की व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सालरिया को मॉडल अभयारण्य बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सालय के लिए रीवा क्षेत्र में भूमि आवंटन सरकार द्वारा किया जायेगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने गौ-शेड में जाकर गौवंशों के पालन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और गौ-माताओं का पूजन किया तथा पौष्टिक आहार के रूप में गुड़ खिलाया। विधायक श्री मधु गहलोत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



दमोहः सांसद राहुल सिंह लोधी की अध्यक्षता में आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति के सभी संबंधित अधिकारियों से कहा है संबंधित रोड एजेसिंयों द्वारा संयुक्त रूप से जबलपुर रोड वाया सिंग्रामपुर एवं तेंदूखेड़ा मार्ग का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान मार्ग पर कमियां प्रकाश में आई है जिनका सुधार कार्य संबंधित रोड ऐंजेंसी के माध्यम से कराने हेतु समिति द्वारा अनुशंसा की गई है। इसे तय समय सीमा में पूर्ण कराया जायें।

कलेक्टर कोचर ने प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई. जबलपुर/सागर, महाप्रबंधक मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण जबलपुर/ सागर एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग दमोह से कहा परिवहन, यातायात, लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित रोड एजेसिंयों द्वारा संयुक्त निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार मार्गो के संबंध में जो ब्लेक स्पॉट है। कलेक्टर कोचर ने कहा निरीक्षण प्रतिवेदन अनुसार समिति की अनुशंसा अनुसार कार्य 15 दिवस की समयावधि में कराते हुए पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

हथनी तिराहा पर अंधेरा होने से दुर्घटना की संभावना पर तिराहा का संकेत, सोलर लाईट, स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड एवं रम्बल स्टोप दोनो साईड, हथिनी यादव ढाबा पर मोड़ होने से दाया मोड़, बाया मोड़, दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र के साईन बोर्ड एवं तिराहा के साईन बोर्ड, अभाना में मेन रोड होने से समस्या के कारण अतिक्रमण हटाया जाना, अभाना तिराहा पर तिराहा का साईन बोर्ड, स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, स्टोप बोर्ड एवं रम्बर स्टोप के संकेतक लगाये जाये।

इसी प्रकार अभाना से बांदकपुर मार्ग पर ब्लाईन्ड स्पॉट होने से स्पीड ब्रेकर बोर्ड, व्यारमा पुल नोहटा पर मोड़ होने से बाया मोड़ एवं दाया मोड़, कलेहरा 08 किमी के मील का माईल स्टोन पर मोड़ होने से दाया मोड़ एवं बाया मोड़, 17 मील चौराहा पर चौराहे का साईन बोर्ड, 17 मील के आगे किंग ढावा के पास बाया मोड़, यादव ढाबा जिलहरी पर सर्प मोड़ होने से स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, साईड का भरा जाना एवं मोड़ के पेड़ों की छटाई, शहरा तिराहा पर पेड़ों की छटाई होने से लगे साईन बोर्ड की दृष्यता हेतु पेड़ों की छटाई, शहरा तिराहे के आगे मोड़ होने से बाया मोड़ एवं दाया मोड़ के संकेतक लागये जाये।जबेरा 07 किमी माईल स्टोन के पास पेड़ों की छटाई होने से लगे साईन बोर्ड की दृष्यता हेतु रोड के दोनों तरफ वृक्षों की छटाई, विदाली घाटी पर ब्लाक स्पॉट होने से साईड सोल्डर का भरा जाना, दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड, दाया मोड़, बाया मोड़, पहाड़ी का साईन बोर्ड एवं 30 स्पीड लिमिट के साईन बोर्ड, वंशीपुर तिराहा पर ब्लाईन्ड स्पॉट होने से अंधा मोड़ का साईन बोर्ड, पेड़ों की छटाई एवं साईड सोल्डर का भरा जाना, मछली मार्केट जबेरा के पास साईड सोल्डर भरा जाना, दाया मोड़ एवं बाया मोड़, सतघटिया सिंग्रामपुर जंगल के अंदर ब्लैक स्पॉट होने से दाया मोड़, बाया मोड़, स्पीड लिमिट साईन बोर्ड, साईड सोल्डर का भरा जाना एवं दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का साईन बोर्ड लागये जाये।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी का किया खुलासा

## 03 चोर सहित कबाड़ी को किया गिरफ्तार



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- दिनांक 11.01.2025 को फरियादी नासिर मियां पिता अब्दुल मुईद खांन नि. ग्राम कटारिया रायसेन द्वारा डीजल जनरेटर का अल्टीनेटर का चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर अप. क्र. 20/2025 धारा 303(2) ब्नहस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक रायसेन पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधी.कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा एवम थाना प्रभारी संदीप चौरसिया के नेतृत्व में सउनि सतीश जालवान. प्र.आर. 23 संजीव, प्र.आर. 22 अमित, आर. 695 शशांक की एक टीम गठित कर गंभीरता पूर्वक तलाश पतारसी की गई।अनुसंधान के दौरान लगातार तलाश पतारसी करते सीसीटीव्ही फुटेज तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 23.01.2025 को आरोपी 1- युसुफ पिता हमीद खांन 25 साल नि. ग्राम आदमपुर थाना सिविल लाईन विदिशा, 2- साहिद पिता भूरा खांन 25 साल नि. पिपलई, 3- तोरण पिता हरलाल बैरागी नि. धनियाखेडी हाल पिपलई रायसेन एवम् चोरी का माल खरीदने वाले आरिफ खांन पिता मकसूद खांन 32 साल नि. वार्ड 01 नरापुरा को गिरफ्तार किया जाकर एक अल्टीनेटर, आरोपियों के द्वारा सामान बेंचने से हिस्से में मिले रूपये एवं घटना में प्रयुक्त स्पलेण्डर मोटरसाईकिल ,एक पाना कुल कीमती करीब 50 हजार रूपये का मशरूका जप्त किया गया। आरोपीगण को माननीय न्यायालय रायसेन पेश किया जा रहा है।उपरोक्त प्रकरण में आरोपी की पतारसी/गिर. एवं माल बरामद करने एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, थाना प्रभारी संदीप चौरसिया, उनि राकेश सिंह, सउनि सतीश जालवान, प्र.आर. 23 संजीव, प्र.आर. 22 अमित, आर. 695 शशांक, म.प्र.आर. 371 सुषमा, आर. 480 दीपक की मुख्य भूमिका रही है।

# तिलक सिंदूर मेला प्रशासन एवं मेला समिति के सहयोग से होगा आयोजित : कमिश्नर तिवारी

इटारसी// नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के श्री तिवारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तिलक सिंदूर मेला समिति के अध्यक्ष नारायण के साथ आगामी महाशिवरात्रि मेला की तैयारी के संबंध में वार्तालाप की। कमिश्नर ने कहा कि महाशिवरात्रि का मेला जो प्रतिवर्ष तिलक सिंदूर मंदिर के प्रांगण में आयोजित किया जाता है कि अवधि से पूर्व जीणोद्धार के कार्य कराए जाएंगे। मंदिर तक जाने वाली सीढ़ियों ओर रेलिंग को सुधारा जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी प्रशासन एवं मेला समिति मिलकर महाशिवरात्रि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए मेला सफल एवं सुचारु रूप से आयोजित कराने में सफल होंगे।

कमिश्नर ने कहा की यदि तिलक सिंदूर मेला समिति मेला आयोजन करने में सक्षम है तब भी प्रशासन का सहयोग आवश्यक है। पेसा एक्ट में जो अधिकार दिए गए हैं उसे लागू करना हमारी प्राथमिकता है। लेकिन भीड़ में अव्यवस्था या कोई दुर्घटना ना हो इसलिए प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर सोनिया मीना ने कहा कि मेला समिति अधिक प्रभावशील नहीं है। इसलिए महाशिवरात्रि के मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन का सहयोग आवश्यक है और प्रशासन पूरे मेला अवधि में उपस्थित रहकर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर अन्य तैयारी में अपना सहयोग प्रदान करेगा।

इटारसी एसडीएम प्रतिक राव ने बताया कि पार्किंग एवं दुकानों के टेंडर से आय की प्राप्ति होती है जिसका उपयोग मंदिर हित के कार्य में किया जाता है। बताया जाता है कि प्रतिदिन 200 से 300 श्रद्धालु एवं छुट्टी के दिन एक हजार





से अधिक तथा धार्मिक आयोजनों के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु तिलक सिंदूर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन करते है , विगत वर्ष मेले के आयोजन से 3 लाख का प्रॉफिट प्राप्त हुआ था जिसका उपयोग सीसीटीवी लगाने एवं अन्य कार्य में किया गया। श्री राव ने बताया कि मंदिर के गर्भ ग्रह के लिए भी कार्य योजना बनाई गई है। सीढ़ियां एवं रेलिंग भी ठीक कि जाएगी। बिजली की अभी समस्या है जिसे दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मेला समिति के वॉलिंटियर्स भी भोजन एवं अन्य व्यवस्था में आवश्यक सहयोग करते हैं। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने अवगत कराया की तिलक सिंदूर वन विभाग की जमीन पर है वही कुछ एकड़ राजस्व की जमीन भी है। कमिश्नर ने एसडीएम प्रतिक राव को निर्देश दिए कि वे मेला समिति के साथ बैठक कर एक बेहतर कार्य योजना बनाकर मेला की सभी तैयारियां पूर्ण कराए।?राव मेला समिति को आगामी मेले का आयोजन हैंडोवर करने की भी समीक्षा करें। यदि मेला समिति या ग्राम पंचायत मेला अवधि के दौरान मेला संचालन करना चाहते हैं तो एसडीएम बैठक करके उसका भी निराकरण एवं समाधान कर प्लान तैयार करें। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि समिति मेला चला लेगी लेकिन इसके सुपरविजन के लिए प्रशासन का आवश्यक सहयोग अपेक्षित है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत ने बताया कि मेला के दौरान शौचालय एवं पेयजल की भी पर्याप्त व्यवस्था की जाती है। एसडीएम राव ने बताया कि एमपी टूरिज्म को भी मेला विस्तारीकरण का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

प्रशासनिक बैठक में बताया गया कि तिलक सिंदूर में मोबाइल नेटवर्क की समस्या के कारण कई बार मिस कम्युनिकेशन की समस्या उत्पन्न हो जाती है इस पर कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पुलिस के वायरलेस सेट की संख्या बढ़ाई जाएगी उन्होंने कहा कि छोटे-मोटे स्ट्रक्चर का निर्माण मंदिर समिति मेला अवधि से पूर्व करा ले। उन्होंने कहा कि अस्थाई बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग से बात कर अस्थाई विद्युत कनेक्शन मेले के दौरान उपलब्ध कराएं जाए। बताया गया कि खटामा से अमाडा मार्ग की स्थिति खराब है और इसी मार्ग से ज्यादातर श्रद्धालु पैदल चलकर तिलक सिंदूर पहुंचते हैं। कमिश्नर ने ई आर ए एस एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एसडीएम के साथ बैठक कर रोड़ की मरम्मत का कार्य अतिशीघ्र कराए।

इस दौरान बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत, उपयुक्त राजस्व गणेश जायसवाल, जनपद पंचायत केसला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजीत ताराम, डिप्टी कलेक्टर जय सोलंकी एवं सभी संबंधित जिले के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कमिश्नर एवं कलेक्टर ने तिलक सिंदूर मंदिर में की पूजा अर्चना

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री तिवारी एवं कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना तथा सभी संबंधित अधिकारीयों ने तिलक सिंदूर मंदिर पहुंचकर भगवान शंकर की पूजा अर्चना की। कमिश्नर और कलेक्टर ने भगवान भोलेनाथ पर सिंदूर चढ़ा कर जल अर्पित किया। सभी अधिकारियों ने राम सीता मंदिर में पूजन कर बम बम बाबा की समाधि का अवलोकन किया। इस दौरान कमिश्नर ने तिलक सिंदूर के प्रांगण का निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि प्रांगण में आवश्यक साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का काम करें।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर रची थी पति के हत्या की साजिश

### देहात पुलिस द्वारा अंधे कत्ल का किया गया पर्दाफाश आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




छिंदवाड़ा। पुलिस कंट्रोल रूम में आज प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दिनांक 20 जनवरी को दूरभाष के सूचना प्राप्त हुई की घटना स्थल गांगीवाड़ा कुलबेहरा नदी के पुल के नीचे पानी में एक अज्ञात पुरूष की लाश पड़ी है तथा उसकी पास एक मोटरसाईकिल पड़ी हुई है की सूचना पर मौके पर जाकर देखा गया, मौके पर उपस्थित विनिता पति केवल सल्लाम निवासी खूनाझिरकला चौकी उमरानाला थाना मोहखेड द्वारा मृतक अज्ञात पुरूष की पहचान उसके पति केवल सल्लाम के रूप में की जिसकी रिपोर्ट पर मर्ग क्र. 12/2025 धारा 194 ब्हस्र का कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया जो प्रथम दृष्टया उक्त घटना एक्सीडेन्ट की प्रतीत हो रही थी, जो शव के पंचनामा कार्यवाही उपरान्त पी.एम. कराया गया डाक्टर से शार्ट पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त की गई जिन्होंने मृतक की मृत्यु गला घोटने से दम घुटने एवं सिर में आई गंभीर चोट के कारण मृत्यु होना लेख किया गया, जो प्रकरण हत्या का होने से अपराध क्र. 31/2025 धारा 103(1), 238 ब्हस्र का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों अवगत कराया गया जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा श्री अजय पाण्डेय व अनि पल्लिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अजय राणा के निर्देशन में अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित गई, जो टीम द्वारा तत्परता पूर्वक विवेचना कर मृतक केवल सल्लाम के मोबाईल नंबर की छ्ष्ठक्रएवं क्क्ञ्जह के विश्लेषण, मृतक के परिवारजन मृतक का पिता जेठू सल्लाम, मृतक का भाई कैलाश सल्लाम से पूछताछ तथा घटना स्थल के पास लगे सीसीटीव्ही फोटेज के आधार पर पाया गया कि मृतक केवल सल्लाम की पत्नि विनिता सल्लाम के आरोपी मनीष साहू से प्रेम संबंध थे जिसकी जानकारी मृतक केवल सल्लाम को पता चलने पर वह विनिता सल्लाम से झगडा विवाद करता था इसी कारण विनिता सल्लाम के कहने पर आरोपी मनीष साहू द्वारा उसके दोस्त विकाश उर्फ बिक्की साहू के साथ मिलकर षडयंत्र पूर्वक योजनाबद्ध तरीके से दिनांक 18.01.2025 को मृतक को शराब पीलाकर घटना स्थल गांगीवाड़ा कुलबेहरा नदी के पास ले जाकर मृतक का गला गमछा से घोटकर उसके सिर मुँह पर पत्थर पटकर हत्या कर, घटना को एक्सीडेन्ट का रूप देने के उद्देश्य से मृतक के शव एवं मोटरसाईकिल को कुलबेहरा नदी के पानी में फेंकना पाया गया, जो आरोपियों की उनके संभावित स्थानों में पतासाजी कर आरोपी (1) मनीष साहू पिता स्व. शोभाराम साहू उम्र 30 साल निवासी खूनाझिरकला चौकी उमरानाला थाना मोहखेड (2) विकाश उर्फ बिक्की पिता संतोष साहू उम्र 21 साल निवासी ग्राम छुई थाना कान्हीवाडा जिला सिवनी हाल 4 इमलीखेडा थाना कोतवाली (3) विनिता सल्लाम पति स्व. केवल सल्लाम उम्र 32 साल निवासी ग्राम खूनाझिर कला सेमरहाना चौकी उमरानाला थाना मोहखेड जिला छिंदवाड़ा को गिरफ्तार किया गया है जिन्हें आज दिनांक 23 जनवरी को न्यायालय छिंदवाड़ा पेश कर को जेल भेजा गया।

## कमलनाथ व नकुलनाथ 27 को आयेंगे

### विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे नेताद्वय




छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही अन्य आयोजनों में भी उपस्थित होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार कमलनाथ व श्री नकुलनाथ का दिनांक 27 जनवरी को ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के साथ ही छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। कमलनाथ व नकुलनाथ अपने पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 27 से 30 जनवरी 2025 तक चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा में रहेंगे इस दौरान नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के साथ ही अन्य आयोजनों में भी उपस्थित होंगे।

**सुरमिला नागवंशी कांग्रेस ने निष्कासित**

छिन्दवाड़ा– कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में पाए जाने वाली महिला पदाधिकारी के खिलाफ संगठन ने ठोस कदम उठाया है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैंसर मरीज को दी 3 लाख की आर्थिक सहायता राशि

छिन्दवाड़ा। सांसद विवेक साहू के प्रयासों से कैंसर की बीमारी से पीडित श्रीमती मंदा पति दिवाकर वाडबुदे निवासी राजेंद्र प्रसाद वार्ड नंबर 3 मोहगांव का इलाज हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सांसद बंटी विवेक साहू के अनुरोध पर कैंसर के मरीज को 3 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। उल्लेखनीय है कि श्रीमती मंदा वाडबुदे ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करके कैंसर की बीमारी के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र प्रेषित करके कैंसर से पीड़ित श्रीमती मंदा वाडबुदे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उक्त मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल ही 3 लाख की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी है। उक्त आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर सांसद एवं कैंसर पीडिता श्रीमती मंदा वाडबुदे व उनके पुत्र और परिजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। वही आर्थिक सहायता दिलाने पर कैंसर से पीड़ित श्रीमती मंदा वाडबुदे और उसके परिचनों ने सांसद का आभार व्यक्त किया है।

## मराठा समाज के कैलेंडर का विमोचन

### छत्रपति शिवाजी जयंती मनाने को लेकर महिला कार्यकारिणी भी सक्रिय



छिंदवाड़ा। जिला क्षत्रिय मराठा समाज ने 19 फरवरी को शिवाजी महाराज की जयंती मनाने को लेकर तैयारी में जुटा है वहीं। समाज के अध्यक्ष प्रवीण काटकर ने बताया कि मराठा समाज महिला मंडल ने भी तैयारी शुरू कर दी है। विगत दिनों समाज की महिलाओं की बैठक आयोजित की गई जिसमें शिवाजी जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। मराठा समाज की नगर अध्यक्ष श्वेता ताठे ने बताया कि शिवाजी जयंती के लिए सामाजिक कैलेंडर का विमोचन किया गया है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं की उपस्थिति रहीं।

## ध्वजारोहण से प्रारंभ हुआ पार्श्वनाथ जिनालय का 21 वां वार्षिक महोत्सव मंगल कलश स्थापना के प्रारंभ विधान आज निकलेगी श्री जिनेन्द्र रथयात्रा

छिंदवाड़ा। 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के शासन काल में 108 आचार्य कुंदकुंददेव की शुद्ध आम्नाओं सहित आध्यात्मिक सत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के तत्व प्रभावना योग में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा वर्ष 2004 में नई आबादी



गांधी गंज में भव्य एवं मनोहारी श्री पार्श्वनाथ जिनालय का निर्माण किया गया। जिसका दो दिवसीय 21 वें वार्षिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ 23 जनवरी को बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन एवं पंडित विपिन शास्त्री नागपुर के मंगल सानिध्य में हुआ। फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि सुंदर एवं मनोहारी जिनालय में वीतरागी दिगंबर जिनबिम्ब, आचार्य भगवंतों के पावन चरण एवं द्वादशांगमय जिनवाणी माता अंतर्राष्ट्रीय पंचकल्याणक महोत्सव कर विधि विधान पूर्वक विराजमान की गई, तब से अब तक प्रतिदिन पूजन, विधान, श्री जिनेन्द्र भक्ति, मंगल प्रवचन, धार्मिक संगोष्ठी, बच्चों की पाठशाला, शिक्षण शिविर सहित विविध धार्मिक एवं साहित्यिक अनुष्ठानों के माध्यम से जिनशासन की मंगल प्रभावना की जा रही है।

**मंगलकारी ध्वजारोहण हुआ**

गुरुवार की प्रातःकाल की मंगल बेला पर श्री पार्श्वप्रभु सहित वीतरागी जिनबिम्बों के प्रक्षालन कर जिनालय पर ध्वजारोहण किया गया जिसका सौभाग्य मंडल एवं फेडरेशन के सर्वश्री सुरेंद्र जैन, अशोक वैभव, प्रकाश अहिंसा, सुबोध जैन, प्रफुल्ल जैन, जिनेन्द्र जैन, दीपक राज जैन, पंकज जैन, वीरेंद्र जैन सहित अन्य जिनशासन सेवकों को प्राप्त हुआ।

## सुभाष चंद्र बोस के जयंती मनाई

परासिया। नगर पालिका परिषद परासिया ने जयंती पर दिन गुरुवार को सुभाषचंद्र बोस को याद किया। वार्ड क्रमांक 8 के सुभाष पार्क में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतिमा का माल्यार्पण कर देश की आजादी में उनके योगदान को याद किया गया।नपाअध्यक्ष विनोद मालवीय ने आजाद हिंद फौज के योगदान पर अपनी बात कही। उन्होंने बताया कि भारत माता के सच्चे सपूत डॉ सुभाष चंद्र बोस एक मात्र ऐसे महापुरुष है जिनकी सिर्फ जन्म जयंती मनाई जाती है इनकी पुण्यतिथि नहीं मनाई जाती सुभाष पार्क की बाउंड्री वाल बनवाने और नगर पालिका अध्यक्ष ने प्रतिमा का स्टैंड बनाने ओर नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क में सुसज्जित सुंदर करने की घोषणा की सुभाष पार्क को अमृत 02 अनुसार निर्माण किया जा रहा है।

## शेषराव यादव बने भाजपा जिलाध्यक्ष



छिंदवाड़ा। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडी अध्यक्ष शेषराव यादव पुनः दूसरी बार भाजपा छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष घोषित किये गये। ज्ञात हो कि जिलाध्यक्षों की दौड़ में भाजपा के कई कद्दावर नेता लाईन में थे पर संगठन ने शेषराव यादव पर भरोसा जताकर उन्हें अध्यक्ष घोषित किया। श्री यादव के कार्यकारी अध्यक्ष रहते समय लोकसभा चुनाव व हर्रई उपचुनाव में भाजपा को जीत मिली थी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इन्हें शुभंकर अध्यक्ष कहा था। ऐसी चर्चा है कि सांसद विवेक बंटी साहू वर्तमान में महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी का नाम प्रस्तावित किया था। श्री यादव के जिलाध्यक्ष बनने पर लोगों ने उन्हें बधाई दी।

## प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये बीमा राशि रोहित जयसवारा को मिली



परासिया। भारतीय स्टेट बैंक ने प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत सरहनीय कार्य किया है बैंक ने इन योजनाओ के अंतर्गत कई हितग्राहियो को बीमा राशि प्रदान की है एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपए की बीमा राशि रावनवाडा तहसील परसिया निवासी स्वर्गीय रामखिलावन जयसवारा के पुत्र रोहित जयसवारा को प्रदान की गई। भारतीय स्टेट बैंक शाखा के सभी कर्मचारी सदस्य एवं ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सक्रिय रूप से (PMSBY) प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना यह एक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना एवं (PMJJBY) प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाओं के बारे मे जानकारी दे रहे है और लोगो को जागरूक कर रहे हे इन योजनाओ के अंतर्गत बीमा दावा होने पर बैंक द्वारा पूर्ण सहोग किया जा रहा है जिसके पररिणाम स्वरूप कई बीमा दावा राशि हितग्राहगियों के खातो में जमा कराई जा चुकी है। और मनीष उईके सृंजय त्रिभुवन श्रीवास्तव आशीष मित्तल के द्वारा साथ ही बैंक आँय बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई जिसमे मुख्य रूप से दुर्घटना बीमा सामील है जिसमे 100 रु में 2 लाख का बीमा एवं अधिकतम 2000 रु में 40 लाख का बीमा का प्रावधान है इसकी जानकी प्रदान की गई।

### कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा...

## धीमी गति पर जताई कड़ी नाराजगी,जल निगम के महाप्रबंधक को नोटिस जारी, पी.एच.ई. के इंजीनियर्स को दी चेतावनी




छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना और हर घर जल के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने म.प्र. जल निगम परियोजना इकाई छिंदवाड़ा द्वारा क्रियान्वित माचागोरा ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित जल जीवन मिशन हर घर जल की धीमी गति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अगली बैठक के लिए प्रगति का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने चेतावनी दी है कि ठेकेदारों से रिसोर्स बढ़वाते हुए सख्ती से काम लें और अगली बैठक तक निर्धारित लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित कराएं, अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही के लिए तैयार रहें। जिले के नागरिकों और ग्रामीणों को पेयजल उपलब्धता में और लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उन्होंने माचागोरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के क्रियान्वयन में पाइप लेइंग कार्य में लापरवाही और पाइप बिछाने के कार्य में बिना अनुमति विभिन्न विभागों की सड़कों को क्षतिग्रस्त करने पर जल निगम पर कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही म.प्र.जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा के महाप्रबंधक को नोटिस जारी कर इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माचागोरा समूह जल प्रदाय योजना की निर्धारित समय पर पूर्णता के लिए ग्राम भुतेरा में इंटेकवेल और ग्राम बिलवा में जल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य शीघ्र एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए भी निर्देशित किया है। बैठक में म.प्र.जल निगम छिंदवाड़ा इकाई के महाप्रबंधक व प्रबंधक और कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ ही जिले के सभी उपखंडों में कार्यरत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री भीमौजूद थे।

बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्यप्रदेश जल निगम परियोजन इकाई छिंदवाड़ा द्वारा जिले में 2 ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिनमें से एक मोहखेड़ ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना वर्ष 2018 में पूर्ण होकर सुचारू रूप से संचालित है। इस योजना में 29 ग्राम सम्मिलित हैं और 9031 परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। दूसरी माचागोरा ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना है, जो मार्च 2023 से प्रारंभ हुई है। योजना में अभी तक 56.77 प्रतिशत भौतिक प्रगति हुई है और इसे मार्च 2025 तक पूर्ण किया जाना है। इस योजना में 722 ग्राम (515 ओवरलैप, 207 संपूर्ण ग्राम) सम्मिलित हैं और इसके क्रियान्वयन से 154225 परिवार लाभान्वित होंगे। इसी तरह जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत छिंदवाड़ा, पांढुर्णा जिलों के 11 विकासखंडों के 1526 ग्राम शामिल किए गए हैं, जिनमें से 654 ग्रामों में योजना पूर्ण हो चुकी है, 872 ग्रामों में प्रगतिरत है, इनमें से 466 ग्राम पुनरीक्षित स्वीकृति के लिए लंबित हैं।

## गर्म स्वेटर पाकर खुशी से झूम उठे विद्यार्थी

### टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद द्वारा तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों को किया गया स्वेटर का वितरण



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के स्कूल शिक्षा में सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में टीचर्स वेलफेयर सोसायटी चाँद द्वारा आज जिले की दूरस्थ संस्था एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला मेघदोन, शासकीय प्राथमिक शाला खिरका टोला व शासकीय प्राथमिक शाला बारी के 170 छात्र-छात्राओं को ग्राम के श्री प्रभात पटेल, अध्यक्ष पोहपसिंह वर्मा की उपस्थिति में गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। टीचर्स वेलफेयर सोसायटी के सचिव श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि टीचर्स वेलफेयर सोसायटी एक शिक्षकों का संगठन है, जो शिक्षा-समाज-पर्यावरण को केंद्रित करती है व शासकीय विद्यालय के कार्य को सुगम बनाने में सहायता करती है। इसी कड़ी में ठंड को देखते हुए तीन विद्यालयों को स्वेटर का वितरण किया गया। इस आयोजन में टीचर्स वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी चंद्रशेखर अयोधि, रामभरोस वर्मा, मुकेश शर्मा, प्रवेश पन्द्रे, रामसिंह पंचेश्वर, असरफ खान, पवन सिंह रघुवंशी, राधेश्याम रघुवंशी, पंकज विश्वकर्मा, चंदन रघुवंशी, अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ, ग्राम रोजगार सहायक सहित पालकगण उपस्थित थे।

## आम्बेडकर वाटिका चंदनगांव में हो रहे अवैध निर्माण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



छिन्दवाड़ा। सुजाता महिला संघ एवं त्रिरत्न जनकल्याण समिति वार्ड नं.34 का आरोप है कि डॉ.आम्बेडकर वाचनालय एवं डॉ.आम्बेडकर वाटिका परिसर में होने वाले अवैध निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगाने हेतु सुजाता महिला संघ द्वारा नगर पालिक निगम को कई बार निवेदन कर बोदरी नदी किनारे डॉ.आम्बेडकर वाचनालय एवं समारोह आयोजित करने हेतु डॉ.आम्बेडकर पार्क की मांग की गयी थी। जिस पर नगर पालिक निगम द्वारा विचार कर 14 अप्रैल 2018 को डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर जयंती समारोह पर नगर पालिका निगम द्वारा आमंत्रण कार्ड प्रकाशित कर सुजाता महिला संघ एवं नगर पालिका निगम द्वारा डॉ.आम्बेडकर जयंती समारोह सम्पन्न कराया गया ,जिसमें 14/04/2018 को तत्कालीन नगर निगम महापौर श्रीमति कांता योगेश सदारंग ,पूर्व राज्यमंत्री एवं विधायक चौधरी चन्द्रभान सिंह ,नगर निगम आयुक्त इच्छित गढ़पाले ,पार्षद विजय पांडे ,त्रिरत्न जनकल्याण समिति के पदाधिकारीगण आदि सदस्यों की उपस्थिति एवं सैकड़ों की संख्या में जनसमुदाय की उपस्थिति में डॉ. बाबा साहब वाटिका एवं वाचनालय का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण कर उक्त भूमि को आवंटित किया गया। तब से सुजाता महिला संघ के तत्वाधान में संविधान निर्माता बाबा साहब आम्बेडकर के अनुयायियों द्वारा तथागत गौतम बुद्ध ,महात्मा ज्योतिबा फुले ,सावित्री फुले के विचार पर आधारित शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम संचालित होते आ रहे है। यह स्थान डॉ. बाबा साहब जी आम्बेडकर के विचारों पर चलने वाले लोगों की आस्था का केन्द्र बन चुका है नगर पालिका निगम द्वारा फेसिंग ,बाउंड्री एवं आने जाने हेतु गेट लगाकर दिया गया था जिसको विगत महीनों स्थानीय कुछ लोगों द्वारा तोड़ा गया जिसकी वैधानिक सूचना शासन प्रशासन व नगर पालिक निगम को दी गयी थी लेकिन जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गयी इससे ऐसा प्रतीत होता है कि प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन बाबा साहब आम्बेडकर के अनुयायियों को जानबूझकर प्रताड़ित करने का मौन समर्थन है। जिसका फायदा उठाते हुये विगत दिनों कुछ स्थानीय व्यक्तियों के द्वारा विरोध करने के पश्चात् भी जबरन वार्ड क्र.34 स्थित डॉ.आम्बेडकर वाटिका की फेसिंग तोड़कर जबरन अवैध निर्माण किया जा रहा है।

## आज कर्मचारियों की मांगों को लेकर होगा प्रदर्शन

छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, जिला शाखा छिंदवाड़ा के नेतृत्व में कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर आंदोलन के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। मोर्चे के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने द्वारा बताया गया है कि दिनांक 24 जनवरी 2025, समय शाम 4.30 बजे, स्थान कलेक्ट्रेट छिंदवाड़ा के सामने स्थित ग्राउंड पर यह आयोजन होगा।

इस कार्यक्रम में सांसद विवेक साहू विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे कर्मचारियों की समस्याओं को सुनेंगे और संबोधित करेंगे। इस अवसर पर कर्मचारियों की 51 सूत्रीय मांग पत्रों में से प्रमुख मांगों को लेकर एक ज्ञापन माननीय सांसद महोदय को सौंपा जाएगा।

प्रमुख मांगें-1. कर्मचारियों की पदोन्नति प्रक्रिया को शीघ्र लागू किया जाए।2. पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल किया जाए। 3. लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान ग्रेड पे दिया जाए और उनके वेतनमान में सुधार किया जाए। 4. शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान की जाए। 5. समस्त संवर्गीय कर्मचारियों के वेतनमान में सुधार किया जाए। 6. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद नाम और वेतनमान में सुधार किया जाए। 7. कोटवार, अंशकालीन कर्मचारी, अस्थाई कर्मचारी, हैंडपंप टेक्नीशियन, संविदा कर्मचारी, स्वास्थ्य कर्मचारी और वन विभाग के कर्मचारियों की मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। कोटवार एवं अंशकालीन चतुर्थ श्रेणी वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित किया जाए 8. शासन द्वारा लंबित महंगाई भत्ते का शीघ्र भुगतान किया जाए। 9. मकान भाड़ा समेत अन्य सुविधाओं को लागू करने के लिए शासनादेश जारी किया जाए।

## उप संचालक श्रीमती नीलू सोनी ने ली परेड की सलामी



छिंदवाड़ा ।26 जनवरी की मुख्य परेड रिहर्सल मैं जनसंपर्क उपसंचालक श्रीमती नीलू सोनी ने सलामी ली कलेक्टर शैलेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अजय पांडे भी थे

## 20 लाख 50 हजार के विभिन्न निर्माण कार्य होंगे

### पूर्व विधायकों व पूर्व मंडल अध्यक्षों एवं वर्तमान मंडल अध्यक्षों की मांग पर सांसद ने की निर्माण कार्यों की अनुशंसा

छिन्दवाड़ा। भाजपा मंडल कुण्डा विकास खंड चौरई एवं भाजपा मंडल मोहखेड़ विकास खंड सौसर के अंतर्गत सांसद निधि से 20 लाख 50 हजार के विभिन्न निम्रण कार्य कराए जायेगें। उल्लेखिनीय हैं कि पूर्व विधायक रमेश दुबे, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा एवं भाजपा मंडल पूर्व अध्यक्ष कुण्डा कमलेश वर्मा व वर्तमान मंडल अध्यक्ष धरमसिंग वर्मा ने सांसद से कुण्डा मंडल के अंर्तगत विभिन्न निर्माण कार्यो की मांग की थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने कुण्डा मंडल अंर्तगत आने बाले विभिन्न ग्रामों मे 10 लाख रूपये के निर्माण कार्यो की अनुशंसा की हैं। जिसके तहत धनोरा में कलामंच निर्माण के लिए 1 लाख, हिवरखेड़ी में कलामंच एवं चबूतरा निर्माण के लिए 2 लाख, केवलारीसंभा में कलामंच के लिए 1 लाख, बाम्हनवाड़ा में कलामंच के लिए 1 लाख, मुआरी में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार, झिलमिली में कला मंच के लिए 1 लाख, पिपरिया फतेहपुर में कला मंच के लिए 1 लाख, आमाबोह में चबूतरा निर्माण के लिए 50 हजार की अनुशंसा की हैं। इसी तरह पूर्व विधायक नाना मोहोड एवं भाजपा मंडल मोहखेड के पूर्व अध्यक्ष सदन साहू व वर्तमान मंडल अध्यक्ष गगन घटक डे ने सांसद बंटी विवेक साहू से जनपद पंचायत मोहखेड के विभिन्न गांवों में निर्माण कार्यो के लिए मांग की थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने बीसापुर कलां में अतिरिक्त कार्य हेतु 2 लाख, सारंगबिहरी में रंगमंच निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार, मोहखेड में अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख, पटरानाई में 1 लाख, ईकलबिहरी में अतिरिक्त निर्माण के लिए 2 लाख, पालामऊ में अतिरिक्त निर्माण के लिए 1 लाख, जमुनियामाल भैरोपानी में अतिरिक्त निर्माण के लिए 1 लाख एवं तारा में अतिरिक्त कार्य हेतु 1 लाख के निर्माण कार्यो की अनुशंसा की हैं।

## बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट ने जाना अभिनय और कला का राज

### युवाओं को नाट्य विधा और अभिनय की शैली से रूबरू करवाया रंगकर्मी विजय आनंद दुबे ने

छिंदवाड़ा। अच्छे इंसान बनाने अच्छी आदतें के साथ साथ आपकी सोच और संगत भी अच्छी होना चाहिए।आपके वाणी में मिठास ,हृदय में स्नेह के भाव होना जरूरी है। कालीदास जी एवम तुलसी दास जी के जीवन में किस तरह से परिवर्तन आया और महान ग्रंथ रामायण के रचयिता बन गए और संत की उपाधि प्राप्त की इसे हमे समझना होगा आप सभी बीएसडब्लू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट है आपमें समग्र सोच होना चाहिए ।उक्त बाते राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत शिक्षक एवम रंगकर्मी विजय आनंद दुबे ने रविवार को प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में संचालित जन अभियान परिषद द्वारा सीएमसीएलडीपी कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लास में युवाओं से कही। उन्होंने शोध एवम साख्यिकी की परिभाषा बताते हुए जिज्ञासु विद्यार्थी बनने की बात कही।इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षा विद परामर्शदाता विनोद तिवारी परामर्शदाता लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, जय प्रकाश सूर्यवंशी, अशीष साहू सहित सभी स्टूडेंट उपस्थित थे। इस अवसर पर रंगकर्मी



विजय आनंद दुबे ने नाट्य विधा की वारिकियो से अवगत कराते हुए कला की महत्ता पर प्रकाश डाला एवम अभिनय के विभिन्न रूपों से युवाओं को परिचित करवाया।इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समाजसेवी विनोद तिवारी ने कहा की एक अच्छा कलाकार हमेशा सकारात्मक सोच के साथ लोगो के जीवन में सृजनशीलता लाने का प्रयास करता है ।आप लोगो के द्वारा समाजसेवा के कार्य में लोगो के साथ संवाद एवम अपनी बातो का सशक्त माध्यम अपनी पहुंचने का माध्यम भी नुक्कड़ नाटक, रैली गीत एवम नारे है जो इन्ही विधा से प्राप्त हो सकते है। व्याख्यामाला के क्रम में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर मेटर्स लता नागले ने कहा की शोध के माध्यम से किसी भी विलुप्त या महत्वपूर्ण जानकारी को उसकी वास्तविकता से आकलन करने का सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम में मेंटर्स तृप्ति सिंह ने जन अभियान परिषद के माध्यम से सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम से जुड़ कर सेवा भावी कार्य करने से आप उपस्थित सभी युवाओ में नेतृत्व क्षमता एवम व्यक्तित्व विकास निखरता है। मेंट्रस जय प्रकाश सूर्यवंशी ने जीवन में कैसे हेप्पिनेश लाए इसके लिए हमेशा सक्रात्मक सोच रखने की बात कही। परामर्शदाता आशीष साहू ने कहा की आप सभी समाज सेवी कार्यों को बहुत अच्छे से अपनी प्रयोग शाला ग्रामों में कर रहे है आप सभी शासन के बीच में एक सेतु की तरह कार्य कर रहे है जिससे समाज के हर वर्ग को इसका लाभ मिल सके।

## भाजपा नेता अंसार सिद्दीकी मित्र मंडल द्वारा वृद्ध आश्रम की बुजुर्ग महिलाओ को कंबल वितरण



परासिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत भामोड़ी वृद्ध आश्रम में अंसार सिद्दीकी मित्र मंडली द्वारा पहुंचकर वहां पर रह रहे बुजुर्ग महिलाएं बहनों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना अलग-अलग जगह से रह रही माता ने अपनी आपबीती बताई सुनकर काफी दुख हुआ एवं भाजपा नेता सिद्दीकी ने बताया वृद्ध आश्रम की माता जो संपन्न परिवार की माताएं आज परिवार होते हुए भी आश्रम में अपना जीवन यापन कर रही हैं सभी के बच्चे संपन्न हैं लेकिन विधि का विधान पारिवारिक कलह एवं बच्चों में संस्कार की कमी आज की जो पीढ़ी है उनको इसे कोई चिंता नहीं कि समाज हमें क्या कहेगा बस अपने परिवार में मगन है माता-पिता जिन्होंने जन्म दिया उससे उन्हें कोई मतलब नहीं अंसार सिद्दीकी मित्र मंडली द्वारा ठंड के इस मौसम में उनके रूम में देखा गया काफी व्यवस्था है खाना वगैरा भी उन्हें टाइम से मिलता है तब उनकी टीम ने विचार किया कि इन्हें इस ठंड के मौसम में कंबल प्रदान किया जाए तुरंत कंबल की व्यवस्था कर सभी को कंबल प्रदान किया गया भाजपा नेता अंसार सिद्दीकी द्वारा अपनी टीम के साथ इकलहरा सरपंच श्रीमती साधना दास सचिव संपत नागवंशी राजेश डहरिया डॉ आकाश साहू चिंटू जीभोला सातपुते कुलदीप राजपूत पवन साहू उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना से युवाओं का होता है व्यक्तित्व काविकासः शर्मा

छिंदवाड़ा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडाली कला द्वारा गोद ग्राम कुंडाली कला में चलाए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राचार्य डाक्टर वाय के शर्मा, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद विनोद तिवारी, पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र साहू, वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार शर्मा, एम बी सिंग, मुकेश सदाफल, शरद चक्रवर्ती, जितेंद्र टांडेकर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य संजय सुनहरे ने की अतिथियों ने स्वयंसेवकों को शिविर की बधाई देते हुए शिविर में किया गया कार्यों को निरंतर जारी रखते हुए समाज कल्याण की बात कही। सेवा योजना प्रकोष्ठ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर शोभाराम मेहरा एवं जिला संगठन श्री रविंद्र नाफड़े के निर्देशन तथा संस्था प्राचार्य श्री संजय सोनारे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री चौरिया द्वारा किया गया।



## 300वें जन्म जयंती वर्ष पर

नारी सशक्तिकरण की आलोक स्तंभ

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

के प्रति सम्मान स्वरूप पवित्र नगरी महेश्वर में

# मध्यप्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक

अध्यक्षता

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

एवं

**₹983 करोड़ की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई परियोजना का**

## शिलान्यास



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**24 जनवरी, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे**

लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक रहा है। वह एक कुशल शासिका, आदर्श नारी और माता थीं, जिनकी कर्तव्यपरायणता, सुशासन, दानशीलता जैसे गुण हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से याद करता है।

-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

D-11164/24